अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक
# राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 14 अंक 236 लखनऊ, गुरुवार, 13 मार्च 2025 पृष्ठ : 8 मूल्य : 2.00

## सूचना

होली के शुभ अवसर पर **राष्ट्रीय प्रस्तावना कार्यालय** में 13 व 14 मार्च 2025 को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 16 मार्च 2025 को प्रकाशित होगा।

संपादक

## संक्षिप्त

### भाजपा सबसे बड़ी भूमाफिया : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भूमाफियाओं और अपराधियों को संरक्षण दे रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सबसे बड़ी भूमाफिया पार्टी है। श्री यादव ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा के संरक्षण में भूमाफियाओं का आतंक है। जब से भाजपा सत्ता में आयी है, भाजपा के लोग गरीबों को प्रताड़ित कर जगह-जगह जमीनों पर जबरन रजिस्ट्री कराकर कब्जे कर रहे हैं। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान अयोध्या समेत कई जिलों में हुई जमींनों की रजिस्ट्रियां देख ली जाय तो पूरी पोल खुल जायेगी।

### वायु सेना के लिए ट्रांसपोर्टेबल राडार 'अश्विनी' खरीदे जाएंगे

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को और मजबूत बनाने के लिए बुधवार को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ 2,906 करोड़ रुपये का अनुबंध किया है। इस लागत से वायु सेना के लिए लो-लेवल ट्रांसपोर्टेबल राडार अश्विनी खरीदे जाएंगे। इस राडार को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड रडार विकास प्रतिष्ठान ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया है। नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में आज इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए।

### देश में डिजिटल अरेस्ट के मामले और साइबर अपराध तीन गुना बढ़े : सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने राज्यसभा में बताया कि देश में डिजिटल अरेस्ट के मामले और उससे संबंधित साइबर अपराधों में पिछले तीन वर्ष में तीन गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं सरकार ने साइबर अपराधों से निपटने के लिए उठाए गए कदमों के तहत 13.36 लाख से अधिक शिकायतों में 4,386 करोड़ रुपये से अधिक की राशि को बचाया गया है। गृह राज्यमंत्री बंडी संजय कुमार ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में पिछले तीन वर्षों में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर डिजिटल अरेस्ट और ब्लैकमेल के दर्ज अपराधों के आंकड़े प्रस्तुत किए। आंकड़ों के अनुसार एनसीआरपी पर 2022 में 39,925 ऐसी घटनाएं दर्ज की गईं जिनमें कुल 91.14 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई।

**होली से पहले सीएम योगी ने 1.86 करोड़ परिवारों को दिया बड़ा तोहफा**

# गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है डबल इंजन की सरकार : योगी

- उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी के रूप में सीधे बैंक खातों में भेजी गई 1890 करोड़ रुपए की धनराशि
- लखनऊ में मुख्यमंत्री ने 10 महिलाओं को वितरित किया प्रतीकात्मक चेक
- बोले सीएम, पहले घूस देकर मिलता था गैस कनेक्शन, अब फ्री में दिया जा रहा, होली दीपावली में सिलेंडर भी मुफ्त

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। होली के ठीक पहले बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1890 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की। इस योजना का शुभारंभ लखनऊ के लोकभवन सभागार में सीएम योगी ने बटन दबाकर किया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां गैस कनेक्शन के लिए घूस देना पड़ता था, वहीं अब देश में 10 करोड़ परिवारों को ये सुविधा फ्री में उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही होली दीपावली पर गैस सिलेंडर भी मुफ्त दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार होली और रमजान एक साथ है, तो सभी लोगों को इस योजना का फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि उज्ज्वला योजना को 2016 में शुरू किया गया था, जिसके तहत देशभर में 10 करोड़ परिवारों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिले। उत्तर प्रदेश में करीब 2 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2021 के चुनाव में हमने वादा किया था कि 2022 में सरकार बनने पर होली और दीपावाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जाएगा। तब से हर साल यह योजना चल रही है ताकि लोग पर्व और त्योहार अच्छे से मना सकें। इस बार होली और रमजान दोनों साथ हैं, इसलिए सभी को इसका लाभ मिलेगा।

### पहले घूस, अब मुफ्त कनेक्शन

सीएम ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि पहले एक गैस कनेक्शन के लिए 25-30 हजार रुपये की घूस देनी पड़ती थी और त्योहारों पर सिलेंडर भी नहीं मिल पाते थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह योजना गरीब माताओं को धुएं से बचाने के लिए शुरू की गई है और इसमें किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा।

### 15 करोड़ लोगों को मिल रहा मुफ्त राशन

मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी में 80 हजार राशन डीलर 3 करोड़ 60 लाख राशन कार्डधारकों के जरिए 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन बांट रहे हैं। 2017 में ई-पॉश मशीनों के जरिए राशन वितरण में पारदर्शिता लाई गई, जिससे कालाबाजारी पर रोक लगी। कोविड काल में जब लोग परेशान थे, तब से लगातार लगातार पांच साल हो गये हर महीने देश में 80 करोड़ लोगों को और यूपी में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।

### बेटियों और किसानों के लिए भी चल रहीं कई योजनाएं

सीएम योगी ने कहा कि सरकार गरीबों, किसानों और बेटियों के कल्याण के लिए संकल्पबद्धता के साथ काम कर रही है। प्रदेश में अबतक 22 लाख बेटियों को पढ़ाई के लिए प्रति बेटी 25 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है, जबकि 4 लाख बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कराई गई है। अप्रैल से बेटियों की शादी के लिए 1 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। वहीं बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट आने के बाद मेधावी बेटियों को स्कूटी और कामकाजी महिलाओं को अहिल्याबाई होलकर के नामपर आवासीय सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी। वहीं, किसानों के लिए गेहूं की खरीद दर को 150 रुपये बढ़ाकर 2425 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

# यूपी में होली के पर्व के दौरान ढकी जाएगी मस्जिदें

- अलर्ट मोड में पुलिस, जुलूस स्थलों पर ड्रोन से निगरानी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। होली का त्यौहार और जुमे की नमाज को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। संवेदनशील इलाकों में फोर्स तैनात कर दी गई है और हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। होली पर चलने वाले रंग को देखते हुए मस्जिदों को तिरपाल से ढकने की व्यवस्था की गई है। कुछ जगहों पर ढक दी गई हैं। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने प्रदेशवासियों से आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की है। साथ ही हुड़दंग करने वालों से सख्ती से निपटने के आदेश पुलिस को दिये हैं। पुलिस महानिदेशक ने अधिकारियों से कहा है कि त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की नई परम्परा शुरू करने की इजाजत न दी जाए। जिन जगहों पर होलिका दहन, जुलूस निकलते हैं वहां पर फोर्स तैनात किए जाए। उन्होंने कहा कि होली पर्व शुक्रवार (जुमे) के दिन पड़ने के चलते प्रशासनिक अधिकारी सभी धर्मगुरुओं, आयोजकों के साथ बैठक कर लें। इनकी ओर से त्यौहार से संबंधित बतायी गई सारी समस्याओं का पहले से निस्तारण कर लिया जाए।

मिश्रित आबादी के क्षेत्रों के जुलूस के मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरा, ड्रोन कैमरे से नजर रखी जाए। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर विशेष निगरानी रखते हुए उन पर कार्रवाई करें।

# भारत और मॉरीशस के बीच 8 अहम समझौते

**रणनीतिक साझेदारी को मिला विस्तार**

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और मॉरीशस के बीच वित्तीय अपराध की रोकथाम, छोटे एवं मझोले उद्यम, सार्वजनिक सेवा क्षमता निर्माण, समुद्री सुरक्षा और स्थानीय मुद्रा व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में 8 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। साथ ही सेंट ब्रैंडन द्वीप का एक नौसैनिक चार्ट भी सौंपा गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में हैं। आज प्रधानमंत्री मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम के बीच



प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए संबंधों को अपग्रेड करने की पुष्टि की।

प्रधानमंत्री मोदी ने समझौते को लेकर एक्स पोस्ट में कहा कि मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस के विशेष अवसर पर उन्हें अपने अच्छे दोस्त प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम से मिलने और भारत-मॉरीशस दोस्ती की पूरी शृंखला पर चर्चा करने का अवसर मिला। हमने अपनी साझेदारी को एक बढ़ी हुई रणनीतिक साझेदारी के लिए बढ़ाने का फैसला किया है।

### मोदी को मिला मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान


नई दिल्ली। मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राजधानी पोर्ट लुइस में देश के सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ़ द इंडियन ओशन' से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री मोदी को मिला यह 21वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

# आयुष्मान भारत योजना में खामियों में सुधार हेतु एकजुट हुए प्राइवेट अस्पताल संचालक

- अगामी 18 मार्च को होगी अगली बैठक जिसमे प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को सौंपेंगे ज्ञापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन लखनऊ के सभागार मे लखनऊ के लगभग 100 हॉस्पिटल के संचालक जो की सरकार के आयुष्मान योजना से जुड़े है एक्जुट होकर एक् सभा का आयोजन किया। आयुष्मान योजना सरकार की एक्सफल योजना है जिसमे करोड़ो लाभार्थी जो अपना ईलाज के लिए सक्षम नहीं है उनको सरकार की तरफ से निःशुल्क सुविधा मिलती है और इसके लिए सरकार द्वारा प्राइवेट हॉस्पिटल को भी जोड़ा गया है







पर समस्या ये है की प्राइवेट हॉस्पिटल के द्वारा नियम के अनुसार ईलाज करने के बाद भी समय पर पेमेंट नहीं मिल रहा है जिससे हॉस्पिटल संचालक को संचालन मे दिक्कते आ रही है। आज इस समस्या को लेकर प्राइवेट हॉस्पिटल के संचालको के द्वारा पहली बैठक थी। मीटिंग के दौरान एसोसिएशन का नाम और कार्यकारणी के कुछ सदस्यो का चुनाव भी किया गया जिसमे अध्यक्ष के लिए डॉ नीरज मिश्रा, सचिव के लिए डॉ श्वेता श्रीवास्तवा, कोषाध्यक्ष के लिए डॉ इरफ़ान खान और संयुक्त सचिव के पद के लिए श्रीमती रिशु सिंह का नाम प्रस्तावित किया गया और उपस्थित सदस्यो द्वारा इसपर मोहर लगी द्य सभा मे आगामी 18 मार्च को अगली बैठक तय किया गया है और इस दौरान एसोसिएशन के द्वारा SACHIS के एक् और प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य को अपना ज्ञापन देना भी तय किया गया है द्य जल्द ही एसोसिएशन को प्रदेश स्तर पर बड़ा करने के सन्दर्भ मे कार्य किया जाएगा इसकी जानकारी एसोसिएशन के प्रवक्ता डॉ महेश पांडे और अनिकेत अनि ने दी।

# सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तेजी से क्षमता बढ़ाने की जरूरत: वायु सेना प्रमुख

एजेंसी

नई दिल्ली। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने बदलते भू-रणनीतिक परिदृश्य में उभरती सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तेजी से क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है।

वायु सेना ने एक बयान में बुधवार को कहा कि एयर चीफ मार्शल रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज वेलिंगटन में स्थायी संकाय के साथ 80वें स्टाफ कोर्स में भाग ले रहे भारतीय सशस्त्र बलों के छात्र अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह कोर्स अधिकारियों से बदलाव को अपनाने, उभरते खतरों का गंभीरता से आकलन करने और भविष्य के संघर्षों के लिए अनुकूल रणनीति तैयार करने का आग्रह



किया। संयुक्त कौशल के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने युद्ध प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए तीनो सेनाओं के बीच एकीकृत प्रशिक्षण और परिचालन तालमेल की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने ने भारतीय वायु सेना की क्षमता विकास पहलों और आधुनिक युद्ध में एकीकृत संचालन के महत्व पर एक रणनीतिक दृष्टिकोण प्रदान किया। उन्होंने भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा में वायुसेना कर्मियों की उपलब्धियों, लचीलेपन और अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

अपनी यात्रा के दौरान वायु सेना प्रमुख को प्रशिक्षण गतिविधियों और सशस्त्र बलों के बीच संयुक्त कौशल को बढ़ावा देने पर इसके महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई, जो आधुनिक सैन्य तैयारियों का एक प्रमुख पहलू है। उन्होंने कठोर शैक्षणिक और पेशेवर प्रशिक्षण के माध्यम से भविष्य के सैन्य नेतृत्व को आकार देने में संस्थान की भूमिका की सराहना की। वायु सेना प्रमुख की इस यात्रा ने संयुक्त परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने और अंतर-सेवा सहयोग को मजबूत करने के लिए वायुसेना की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिससे भविष्य की चुनौतियों के लिए एक अच्छी तरह से तैयार नेतृत्व सुनिश्चित हो सके।

# हाईकोर्ट ने सम्भल जामा मस्जिद की बाहरी दीवाल की सफ़ेदी कराने का दिया निर्देश

- एएसआई ने माना वर्षो तक मस्जिद कमेटी कराती रही सफ़ेदी, लाइटिंग कीलों से दीवार हुई क्षतिग्रस्त

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएसआई को सम्भल जामा मस्जिद की क्षतिग्रस्त बाहरी दीवाल की एक हफ्ते में सफ़ेदी कराने का निर्देश दिया है। कहा है कि अब दीवाल में अतिरिक्त लाइटिंग नहीं की जायेगी। इससे निर्माण को क्षति पहुंच सकती है। हाईकोर्ट ने कहा एएसआई दीवाल पर बाहरी ओर से



सजावट के लिए फोकस लाइट व एलईडी लाइट का इस्तेमाल कर सकती है। इसमें लगने वाला खर्च मस्जिद कमेटी देगी, जिसकी भरपाई एएसआई एक हफ्ते में करेगी।

कोर्ट ने कहा जरूरी जगहों पर सफ़ेदी का काम एक हफ्ते में पूरा किया जाय। इसी के साथ सफ़ेदी वलाइटिंग की मांग में दाखिल अर्जी कोर्ट ने निस्तारित कर दी है। याचिका की अगली सुनवाई आठ अप्रैल को होगी। प्रबंध समिति जामा मस्जिद सम्भल के याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल कर रहे हैं। एएसआई व याची की तरफ से पूरक हलफनामे दाखिल किए गए। एएसआई ने स्वीकार किया कि मस्जिद कमेटी ने कई सालों तक विवादित मस्जिद की सफ़ेदी कराई है। जिसके कारण कई लेयर लग गई है। राष्ट्रीय धरोहर घोषित भवन का मूल स्वरूप कायम रखना जरूरी है। यह भी कहा कि लाइटिंग लगाने से दीवाल कीलों के कारण कई जगह क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

कोर्ट ने एएसआई से मस्जिद कमेटी के हलफनामे पर जवाब मांगा था, किन्तु अधिकारियों ने उचित जवाब नहीं दिया। रमजान में सफ़ेदी की मांग का खंडन नहीं किया। इसलिए एएसआई एक हफ्ते में जरुरी जगहों पर सफ़ेदी कराये।

# एसडीएम जलालाबाद ने इन्देपुर गौशाला का किया निरीक्षण

- गौशाला की सभी गायों की कराई गिनती
- प्रतिदिन हरा चारा और चोकर खिलाने के दिए कड़े निर्देश
- सेक्रेटरी को दी हिदायत आगे मिली कोई कमी तो होगी सख्त कार्यवाही

ललित तिवारी

शाहजहांपुर। इन्देपुर की गौशाला में गायों के ऊपर हो रहे अत्याचार को लेकर राष्ट्रीय प्रस्तावना लगातार इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित कर रहा था। मंगलवार शाम आधिकारियों की टीम को साथ लेकर एसडीएम सदर ज्ञानेन्द्र नाथ अचानक इन्देपुर गौशाला





पहुंच गए।सबसे पहले उन्होंने पशुओं की रजिस्टर के हिसाब से मौजूद पशुओं का मिलान कराया।उसके बाद पशुओं को खिलाए जा रहे चारे भूसे कानिरीचन किया।भूसे में मिले गोबर को लेकर गौपालक के साथ सेक्रेटरी को काफी सख्त लहजे में हिदायत दी कि यदि दोबारा ऐसी शिकायत मिली तो जांच नहीं सीधे सीधे कड़ी कार्यवाही होगी।

एसडीएम सदर ज्ञानेन्द्र नाथ ने गौशाला के पड़ोस में ग्राम समाज की जमीन पर पशुओं को खिलाने के लिए तैयार हो रही फसल का भी निरीक्षण किया। मालूम हो कि ब्लाक कांट की ग्राम इन्देपुर स्थित गौशाला की बदतर हालत को राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क ने प्रमुखता से प्रकाशित किया।जिसके बाद कई अधिकारियों ने गौशाला का निरीक्षण किया और अपनी अपनी रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपी।समाचार पत्र में बेसहारा पशुओं की हालात को लेकर खुद एसडीएम अचानक इन्देपुर गौशाला पहुंच गए।हालांकि उन्हें कोई कमी नजर नहीं आई लेकिन उन्होंने सेक्रेटरी विनीत चौधरी और ग्राम प्रधान तथा गौपालकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि यदि आगे कोई भी कमी पाई जाती है तो सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# उप्र संस्कृति विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। लखनऊ में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित महाकुम्भ सम्मान समारोह एवं फागोत्सव कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को विभाग की ओर से मीडिया समन्वय तथा संस्कृति विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों के उत्कृष्ट प्रचार प्रसार के लिए सर्वप्रथम सूचना अधिकारी केवल राम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने उत्कृष्ट कार्यों को करने वाले जनसम्पर्क अधिकारी अमित गुप्ता, मीडिया सलाहकार डॉ. वीरेन्द्र सिंह, निदेशक अतुल द्विवेदी, निदेशक डॉ. राकेश सिंह, निदेशक विपिन कुमार, निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर, निदेशक श्रद्धा शुक्ला, धर्मेन्द्र यादव, गौरव पाठक, और अमीष कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लोक कलाकरों द्वारा फूलों की होली कार्यक्रम पेश किया गया। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि महाकुम्भ के दौरान कई कीर्तिमान स्थापित किये गये। करोड़ों लोगों ने आस्था एवं पुण्य की डुबकी लगाकर सनातन संस्कृति को पराकाष्ठा तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। महाकुम्भ में संस्कृति विभाग की उपलब्धियों के लिए प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं। प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि महाकुम्भ का सफलता पूर्वक आयोजन पूरे विश्व के लिए अनूठा उदाहरण है।

विश्व के कई विश्वविद्यालयों तथा सनातन संस्कृति प्रेमियों के लिए शोध का विषय है। 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं को संभालना यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा। जिसे हौसलों के साथ पूर्ण किया गया। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के सचिव एवं प्रशासनिक स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# समाज कल्याण अधिकारी पर लगा वसूली का आरोप, मंत्री ने दिया जांच का आदेश

- अयोध्या मंडल के उपनिदेशक करेंगे जांच

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




लखनऊ। अमेठी जिले में तैनात जिला समाज कल्याण विभाग के अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल पर विभाग के बाबू गोकुल प्रसाद ने रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले की जानकारी मिलते ही समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने अयोध्या मंडल के उपनिदेशक को मौके पर भेजकर जांच करवाने का आदेश निदेशक कुमार प्रशांत को दिया है। बाबू गोकुल प्रसाद ने एक पत्र जिलाधिकारी को दिए था। उनका आरोप है कि 26 दिसम्बर 2024 को समाज कल्याण अधिकारी ने अपने चैंबर में बुलाया और बल पूर्वक मोबाइल लेकर फोन-पे का पासवर्ड लेकर अपनी पत्नी डॉ. अंजू शुक्ल के खाते में 40 हज़ार रुपये ट्रांसफर कर दिये। बाबू ने अपनी शिकायत में रुपये के लेनदेन का एक साक्ष्य भी दिया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण मंत्री ने जांच के आदेश देते हुए 20 मार्च तक रिपोर्ट से अवगत कराने का आदेश विभागीय निदेशक को दिए हैं। मंत्री असीम अरुण ने बुधवार को बताया कि प्रदेश सरकार ज़ीरो टोलरेंस के तहत भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार प्रहार कर रही है। विभाग में किसी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जांच के बाद दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. वरदा शुक्ला की पुस्तक का विमोचन

लखनऊ। डॉ. वरदा शुक्ला की पुस्तक ये वह शब्द नहीं का परिचय और चर्चा समारोह हुआ। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. मनमीत सिंह ने किया, जबकि अध्यक्षता डॉ. शिवांकन बाजपेई ने की। पुस्तक ये वह शब्द नहीं नारी जीवन के उन पहलुओं को उजागर करती है, जिन्हें समाज अक्सर अनदेखा कर देता है। डॉ. वरदा शुक्ला ने अपने चिकित्सकीय अनुभवों और सामाजिक दृष्टिकोण को बारीकी से इस पुस्तक में पिरोया है। यह पुस्तक समाज की सोच और नारी के संघर्ष को बेबाक तरीके से सामने लाती है। डॉ. शुक्ला ने इस अवसर पर बताया कि हर इंसान का एक कार्यक्षेत्र होता है, लेकिन हर किसी की एक अलग हॉबी भी होती है, जो उसे सुकून देती है। मैंने अपने आसपास की परिस्थितियों को देखा और उन्हें शब्दों में ढालने की कोशिश की, यही कारण था कि मैंने यह पुस्तक लिखी। कार्यक्रम में डॉ. रजनी तिवारी ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. वरदा शुक्ला ने अपनी किताब में जो अनुभव साझा किए हैं, वे न केवल एक चिकित्सक के रूप में, बल्कि एक बेहतरीन लेखिका के रूप में भी प्रभावी हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. वरदा को महिलाओं के स्वास्थ्य और उनकी समस्याओं के बारे में गहरी समझ है, चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं हों या शहरी क्षेत्र की। इस दौरान पंकज प्रसून ने भी पुस्तक की प्रशंसा की और कहा कि जितनी सराहना की जाए उतना कम है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को अपनी कविता के माध्यम से सम्मानित किया, जिसमें उन्होंने लड़कियों और लड़कों के समान अधिकार की बात की। कार्यक्रम में डॉ. मंजू शुक्ला, डॉ. प्रीति कुमार, डॉ. सुनीता चंद्रा और कणक रेखा जैसे प्रसिद्ध व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस आयोजन ने नारी सशक्तिकरण और उनके अनकहे दर्द को दिखाया गया।जो समाज के सामने लाने का महत्वपूर्ण कदम साबित किया।

### होली पर्व को प्राकृतिक रंगों से मनाएं और स्वच्छता का ध्यान रखें: राज्यपाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रंगों के पावन पर्व पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और उल्लास की कामना की है। राज्यपाल ने कहा कि होली का पर्व समाज में सौहार्द, भाईचारे और समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमारे जीवन में खुशी और उत्साह का संचार करता है और हमारी सांस्कृतिक विविधता को और प्रगाढ़ बनाता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे होली को प्राकृतिक रंगों से मनाएं, पानी की बर्बादी न करें और स्वच्छता का ध्यान रखें।

### पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की निर्मम हत्या दुर्भाग्यपूर्ण : अभाविप

लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने विगत दिनों सीतापुर के महोली में पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई की निर्मम हत्या की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। अभाविप ने इस घटना के दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। अभाविप के प्रान्त मंत्री पुष्पेन्द्र वाजपेई ने बुधवार को पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई की निर्मम हत्या गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, उस पर कुठाराघात करने वाली घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उत्तर प्रदेश सरकार को मामले की निष्पक्ष जांच कराके हत्या में शामिल सभी दोषियों पर अविलंब कठोर कार्रवाई करना चाहिए जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### होली पर तीन दिन बंद रहेगा लखनऊ चौक सराफा बाजार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पुराने शहर में धूमधाम से होली खेली जाती है। होली के मौके पर चौक सराफा बाजार तीन दिन बंद रहेगा। चौक सराफा एसोसिएशन के महामंत्री विनोद माहेश्वरी ने बताया कि 13 मार्च को दोपहर बाद दो बजे होली शुरू होगी। उन्होंने बताया कि यह करीब 100 साल पुरानी सराफा बाजार है। शुरू से ही यहां होली खेलने की परम्परा रही है। यहां का व्यापारी समाज धूमधाम से होली खेलता है। हर वर्ग के व्यापारी इसमें शामिल होंगे।

# नेत्र कुंभ में 2.3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं का हुआ नेत्र परीक्षण: डॉ. प्रवीण कुमार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** प्रयागराज महाकुंभ-2025 केवल आध्यात्मिक आस्था का संगम नहीं था, बल्कि इस दौरान आयोजित नेत्र कुंभ नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व मिसाल बन गया। नेत्र कुंभ अब तक के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन के दौरान किया गया सबसे व्यापक नेत्र चिकित्सा अभियान था। इस दौरान लाखों लोगों को निःशुल्क नेत्र परीक्षण, चश्मा वितरण और नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं गयीं। यह बातें नेत्र कुंभ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार रेड्डी ने एक पत्रिका के कार्यक्रम में कही। डॉ. रेड्डी ने बताया नेत्र कुंभ के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आए 2.3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें से 1.6 लाख लोगों को मुफ्त दृष्टि सुधार चश्मे प्रदान किए गए और 17,000 से अधिक लोगों को आगे की चिकित्सा देखभाल के लिए रेफर किया गया। इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता थी इसकी तीव्र और सटीक सेवा 65% चश्मे वहीं के वहीं ऑर्डर पर बनाए गए और 97% चश्मे आठ घंटे के भीतर वितरित कर दिए गए। रिकॉर्ड समय में, सिर्फ 18 मिनट में चश्मा वितरण का अद्‌भुत उदाहरण भी देखने को मिला। इस अभियान की एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि नेत्र कुंभ ने एक सुव्यवस्थित रेफरल प्रणाली स्थापित की, जिसके जरिए जिन श्रद्धालुओं को विशेष इलाज की आवश्यकता थी, उन्हें देशभर के 240 से अधिक अस्पतालों से जोड़ा गया। इस प्रक्रिया में अत्याधुनिक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और संचालन दक्षता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# स्कूल कालेज में नन्हे मुन्नों से लेकर नौजवानों ने खेली गुलाल होली

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। लखनऊ में स्कूल कालेज में नन्हे मुन्नों से लेकर नौजवान छात्र छात्राओं ने गुलाल अबीर लगाकर होली खेला और छुट्‌टी से पहले एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। स्कूलों के बच्चों ने परिसर के बाहर सड़क पर सुर्ख गुलाल से होली खेला तो वहीं पार्कों में बड़ी संख्या में स्कूल ड्रेस में बच्चें एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए मिले।

नेशनल कालेज के बाहर छात्र छात्राओं ने जमकर अबीर गुलाल उड़ायें और हैप्पी होली चिल्लाते हुए एक दूसरे को पर्व की शुभकामना दीं। छात्राओं काजल एवं मनीषा ने कहा कि अब हम सभी दोस्त होली के बाद मिलेगें। इसके लिए आज ही होली खेल लिया गया है। होली में गुलाल का उपयोग कर उत्साह को बांटा गया है। सीतापुर रोड स्थित एस.आर. ग्लोबल स्कूल में एमएलसी पवन सिंह चौहान ने छात्र छात्राओं के मध्य पहुंचकर होली उत्सव कार्यक्रम में सहभागिता की। पवन सिंह चौहान ने कालेज के बच्चों संग हर्बल गुलाल से होली खेला और रंगोत्सव के महापर्व को हर्षोउल्लास के साथ मनाने की छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दिया। रेडियंस किड्स इंटरनेशनल प्राइमरी स्कूल में आयोजित होली मिलन समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता सुधीर हलवासिया पहुंचे। सुधीर हलवासिया ने नन्हे मुन्नों की पेंटिंग देखी और उन्हें गुलाल लगाकर होली पर्व के बारे में बताया। बच्चों को उपहार भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाएं दी। सुधीर हलवासिया स्वयं भी बच्चों के साथ घुलमिल कर बच्चे हो गये। शिया पीजी कालेज में एनसीसी से जुड़े छात्र छात्राओं ने होली खेली। होली खेलते हुए छात्र छात्राओं को एनसीसी इंचार्ज अजीत सिंह ने अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हुए होली के महत्व के बारे में बताया। छात्र छात्राओं ने अपने इंचार्ज को भी अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई अर्पित किया। शहर में विभिन्न स्कूलों से अबीर गुलाल रंगे हुए निकले छात्राओं एवं छात्रों ने एक दूसरे के साथ सेल्फी भी खींची। नगर निगम के पार्कों में स्कूली छात्राओं ने अबीर से होली खेलते हुए वीडियो भी बनायी। एक दूसरे को गुझिया खिलाकर एक बार ?फिर से होली में मिलने का वायदा किया।

# मैं की नहीं हम की भावना से करना है सेवा कार्य: चेत नारायण सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। कैंट स्थित आर्म्ड फोर्स ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन के रिटर्निंग ऑफिसर विजय कुमार पाण्डेय ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को प्रमाण पत्र वितरित किया। श्री पांडे ने अध्यक्ष कमल कुमार सिंह, महामंत्री गिरीश तिवारी, आर.के. एस. चौहान, मो. जफर खान, विंग कमांडर एसएन द्विवेदी, संयुक्त सचिव मनोज कुमार अवस्थी एवं धर्मराज सिंह कार्यकारिणी सदस्य राहुल पाल, रमाकांत, शिव कुमार सरोज, रवि कुमार यादव, महेंद्र कुमार सिंह और राकेश कुमार सिंह को उनके पदाधिकारी होने का प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर डॉक्टर चेतनारायण सिंह ने कहा कि हमें मैं की नहीं हम की भावना से सेवा कार्य करना है और बार को प्रदेश और देश स्तर पर पहुंचाना है। इस अवसर पर एआरओ आशीष कुमार सिंह, विष्णु कांत अवस्थी और अमित कुमार बाजपेयी, प्रशासनिक समिति के अध्यक्ष डॉ चेतनारायण सिंह, पूर्व महामंत्री राजीव पाण्डेय, आर सी शुक्ला मौजूद थे।

# धूम्रपान से नुकसान ही नुकसान : डा. सूर्यकान्त

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। नो स्मोकिंग डे हर साल मार्च के दूसरे बुधवार को मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य धूम्रपान से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को इसे छोड़ने के लिए प्रेरित करना है। इस बार इस दिवस की थीम नो स्मोकिंग डे पर अपना जीवन वापस पाएं निर्धारित की गई है। यह जानकारी किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सूर्यकान्त ने दी। डा. सूर्यकान्त ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि धूम्रपान से नुकसान ही नुकसान है। धूम्रपान न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए बल्कि हमारे परिवार और समाज के लिए भी हानिकारक है। अगर हम धूम्रपान छोड़ देते हैं तो हम कई गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। तंबाकू मुक्त जीवन केवल एक व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए फायदेमंद होता है।

डा. सूर्यकांत ने बताया कि धूम्रपान से कई घातक बीमारियां जैसे फ़ेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़, स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप और सांस संबंधी अन्य समस्याएं होती हैं। तंबाकू में मौजूद निकोटिन अत्यधिक नशे की लत उत्पन्न करने वाला तत्व है, जो मस्तिष्क में डोपामाइन का स्तर बढ़ाकर व्यक्ति को इसकी आदत डाल देता है। यही कारण है कि एक बार धूम्रपान की लत लग जाने के बाद इसे छोड़ना बेहद मुश्किल हो जाता है। धूम्रपान केवल धूम्रपान करने वाले व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उनके आसपास के लोगों को भी प्रभावित करता है, जिसे 'पैसिव स्मोकिंग' कहा जाता है। पैसिव स्मोकिंग के कारण नवजात शिशुओं, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। सेकंड स्मोकिंग का सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव बच्चों और गर्भवती पर पड़ता है, क्योंकि वह शुरुआत से ही धुएं के घेरे में आ जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में तंबाकू सेवन के कारण हर साल लगभग 80 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। इनमें 70 लाख से अधिक लोग सीधे धूम्रपान करने की वजह से और बाकी 12 लाख लोग परोक्ष रूप से तंबाकू के धुएं के संपर्क में आने से प्रभावित होते हैं। भारत में भी हर साल लगभग 35 लाख लोग तंबाकू से जुड़ी बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाते हैं।

### होलिका दहन पर पड़ी महंगाई की मार, ऐशबाग लकड़ी मण्डी में मंदी का दौर

**लखनऊ।** होलिका दहन के लिये लकड़ी के लिये ऐशबाग की लकड़ी मण्डी पिछले दो दिनो से पूरी तरह से सजी हुयी है। और लोग एकत्र चन्दे के हिसाब से लकड़ी की खरीदारी कर रहे है। मंहगाई के कारण हालिका का आकार भी घटता जा रहा है। पहले आठों के मेले तक जलने वाली होलिका मात्र दो दिनों में ही जल कर समाप्त हो जाती है। ऐशबाग की मण्डी के लकड़ी व्यापारी राम सिंह के अनुसार वह पिछले अठारह साल से केवल होलिका दहन के लिये ही लकड़ी जिसे आम भाषा में मुजंर कहा जाता है को बेचने यहॉ आते है। इस बार आम का मुंजर पांच सौ से साढ़े पांच सौ रूपये कुन्तल है जबकि पकरी और गूलर की लकड़ी भी इस बार महंगाई की वजह से तीन सौ रूपये से चार सौ रूपये कुन्तल के हिसाब से बिक रही है। वही व्यापारी राजेश ने बताया कि वैसे तो आम की ही लकड़ी से होलिका को जलाना चाहिये क्योकि यह पर्यावरण के लिये सही होती है परन्तु सस्ते के चक्कर में लोग पकरी व गूलर के साथ अन्य लकड़ियों से होलिका को जला देते है। वैसे देखा जाय तो जिसे मुजंर कहते है वह पेड़ के नीचे जड़ का ठूॅठ होता है जो कई दिनों तक जलता रहता है। हरे पेड़ो की अवैध कटान के बाद यही ठूॅठ होली में जलाने के लिये बेच दिया जाता है। वैसे भी होली के मौके पर काफी तादाद में हरे पेड़ यहॉ बिक जाते है। करीब एक दर्जन के आस-पास व्यापारी यहॉ केवल होली की लकड़ी बेचने के लिये आते है। दबी जुबान में व्यापारियों ने बताया कि स्थानीय पुलिस को भी हिस्सा देना पड़ता है बिना उसके यहॉ अपना माल उतार ही नहीं सकते है।

### गोबर के गुलाल से होगी गौ भक्तों की होली

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधि गौ सेवा के गौ भक्तों की होली इस बार गोबर के गुलाल से होगी। गोबर के गुलाल का निर्माण अयोध्या के गौ सेवा के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र सिंह द्वारा किया गया है। इस गुलाल को लखनऊ सहित कई जनपदों में गौ भक्तों को भेजा गया है। गौ भक्तों की होली में रंग, अबीर के साथ गोबर की गुलाल जुड़ने से यह होली स्पेशल हो गयी है। राजेन्द्र सिंह ने बताया कि गोबर के गुलाल का होली पर उपयोग कर तन, मन और जीवन को पावन बनाया जा सकेगा। गोबर का गुलाल बनाने में एक माह का वक्त लगा है। इसे गौ भक्तों को उनकी मांग पर भेजा गया है। लखनऊ के इंदिरा नगर निवासी रविकंात ने बताया कि गोबर के गुलाल का उपयोग सूखी होली खेलने के लिए करेगें। यह गुलाल दूसरे गुलाल जैसे ही दिखता है और इससे गुलाल की महक भी आती है। पांच रंग के गुलाल उन्होंने खरीदे हैं। होली पर गले मिलने की रस्म के वक्त इसका पूरा परिवार भरपूर उपयोग करेगा। देश में गोबर की कमी नहीं होने के कारण इसका उपयोग करने की योजना राजेन्द्र ने बनायी। गोबर के गणेश लक्ष्मी, दीपक, मूर्तियों का निर्माण करने के बाद गोबर को धूप में सुखा कर इसके महीन चूर्ण को प्राकृतिक तरीके से गुलाल के रूप में बनाया।

# भारत के अलावा कई देशों से म्यांमार में फंसे लोग मजबूरन कर रहे साइबर ठगी

- म्यांमार में फंसे भारतीयों को वापस लाया गया, पूछताछ के दौरान पीड़ितों ने कई बातें बतायी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। विदेश में अच्छी नौकरी का झांसा देकर म्यांमार बुलाकर साइबर ठगी के जाल में फंसाए गए 530 भारतीयों को दस मार्च को सकुशल भारत वापस लाया गया है। इनमें से 64 उत्तर प्रदेश के हैं, जो अन्य जिलों के रहने वाले हैं। इन लोगों से यूपी एसटीएफ, समेत सुरक्षा जांच एजेंसी की टीमों ने पूछताछ की।


भारतीय नागरिकों ने बताया कि म्यांमार में साइबर ठगी कराई जाती थी और पूरे दिन में एक भी शिकार उनके हाथ नहीं लगता था तो उन्हें कई तरह से प्रताड़ित किया जाता था। चार घंटे सोने को और बाकी समय काम कराया जाता था। उन्होंने म्यांमार में अपने साथ हुई बर्बरता की आपबीती बयां की। कुछ लोग तो अपने ऊपर हुए सितम की दास्ता बयां करते हुए रोने लगते थे। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) कानून व्यवस्था व एसटीएफ अमिताभ यश के नेतृत्व में टीमों ने म्यांमार से भारत लाए गए लोगों से पूछताछ की। इस दौरान इन लोगों ने बताया कि टेलीग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से अन्तरराष्ट्रीय संगठित गिरोह, साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह के सम्पर्क में आये थे। उन्हें अधिक वेतन का झांसा देकर कम्प्यूटर डाट आपरेटर, कॉल हैडलर समेत कई विभिन्न प्रकार की नौकरियां बतायी गई थी। इसके लिए ऑनलाइन इंटरव्यू लिया और पास होने पर व्हाट्सएप, टेलीग्राम और मेल के जरिए नियुक्ति पत्र भेजा गया था। बैंकाक पहुंचने पर गिरोह के लोगों उन्हें म्यांमार बार्डर के एक होटल में ठहराया गया। अगले दिन गिरोह के दूसरे लोग म्यांमार थाईलैंड बार्डर की नदी पार करके एक स्थान पर ले जाया गया। यहां पर रहने के लिए हॉस्टल, ट्रेनिंग सेंटर बना रखे थे। उन लोगों के यहां पर पहुंचने पर उनके पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज छिपा लेते थे। इसका विरोध करने वालों को तरह-तरह से प्रताड़ित किया जाता था। काम के बदले उन्हें थाई करेंसी मिलती थी, जिसे वे मनी एक्सचेंजर के जरिए अपने परिजनों को भेजते थे। भारत के अलावा कई देशों के नागरिकों को म्यांमार ले जाकर उनसे साइबर ठगी कराई जा रही है। एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि इनसे अब तक मिली जानकारी की गहनता से जांच की जा रही है।

# त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के एमिटी ग्रीन सिटी में त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एक भव्य आयोजन के रूप में संपन्न हुई। अयोध्या से आए आचार्य राधा कृष्ण शास्त्री ने प्राण प्रतिष्ठा कराई। इस अवसर पर पूरे इलाके में खुशी का माहौल था। शोभा यात्रा के दौरान रास्ते अबीर-गुलाल से रंग गए। इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही एक शानदार यात्रा का आयोजन भी किया गया, जो ग्रीन सिटी से एसटीपी रोड होते हुए मंदिर स्थल तकलगभग 5 किलोमीटर लंबी थी। स्थानीय लोग अबीर और गुलाल के साथ होली खेलते हुए यात्रा में शामिल हुए। डीजे की धुन पर लोग नाचते-गाते हुए यात्रा में शामिल हो रहे थे। स्थानीय निवासी उमेश वर्मा ने बताया, आज का दिन हमारे लिए बहुत खास है। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हमारे लिए एक ऐतिहासिक पल है और हम सबने मिलकर इस यात्रा को सफल बनाया है। अजय मिश्रा ने कहा, यह हमारे लिए सौभाग्य का पल है कि हम सबने मिलकर शिव भोला मंदिर की स्थापना कराई। इस कार्यक्रम की सफलता में उमेश वर्मा, अक्षय लाल यादव, अजय मिश्रा, कृपा शंकर और मानिक वर्मा की अहम भूमिका रही। इन सभी ने मिलकर मंदिर की स्थापना का आयोजन किया, जो अब एक यादगार और ऐतिहासिक घटना बन चुकी है। नगर भ्रमण के बाद मूर्ति मिलन हवन पूर्णाहुति का आयोजन किया गया, जिसके बाद विशाल भंडारे के साथ इस भव्य कार्यक्रम का समापन हुआ।

# उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण







- सरकार की हर योजना बहनों के परिवार में खुशियाँ लाने के लिए:- राज्यमंत्री
- सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कृत संकल्प: जिला पंचायत अध्यक्ष

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा होली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया गया। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण रसखान प्रेक्षागृह में अतिथियों, अधिकारीगण व योजना के लाभार्थियों द्वारा देखा गया। जनपद हरदोई में भी लगभग 2 लाख लाभार्थियों को सब्सिडी प्रेषण की कार्यवाही की शुरुआत की गयी। जनपद स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर व माँ सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। दोनों अतिथियों ने अपने हाथों से नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का डमी चेक प्रतीकात्मक रूप से 10 लाभार्थियों को सौंपा। मुख्य अतिथि



राज्यमंत्री उच्च शिक्षा ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार ने सबसे पहले महिलाओं के बारे में सोचा। आज लगभग हर परिवार में गैस चूल्हा है। होली और दीपावली में फ्री गैस सिलेंडर रिफिल से काफ़ी मदद मिली है। सरकार की हर योजना हर बहन के परिवार में खुशियाँ लाने के लिए है। हर परिवार में शौचालय है। हर परिवार को राशन मिलता है। कन्या सुमंगला योजना व सामूहिक विवाह योजना से बेटियां अब बोझ नहीं हैं। सरकार सामूहिक विवाह योजना की धनराशि अब 51 हजार से बढ़कर 1 लाख होने जा रही है। बेटियों के लिए शिक्षा में दिक्कत न हो इसके लिए सरकार ने मेधावी बेटियों को स्कूटी देने जा रही है। बेटी को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी हम महिलाओं की है। विशिष्ट अतिथि माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कृत संकल्प है। महिलाओं को जागरूक होना चाहिए। महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर अपने परिवार की मदद कर सकती हैं। सरकार बेटी के जन्म से लेकर विवाह व उसके बाद में सदैव साथ खड़ी है। उज्वला योजना से बहनों को धुए से निजात मिली है। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने कहा कि उज्वला योजना से



महिलाओं के जीवन में सुधार हुआ है। उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। अब रिफिल में कोई समस्या नहीं आती। सरकार अधिकांश योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता दे रही है। सभी महिलाएं योजनाओं की जानकारी रखें। जिला पूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार ने योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2016 में प्रारम्भ इस योजना से बड़ी संख्या में परिवार लाभान्वित हुए हैं। सब्सिडी में केन्द्र व राज्य दोनों सरकारों का योगदान है। सब्सिडी का अंतरण सीधे खातों में किया जाता है। जिला समन्वयक विशाल पोरवाल ने कहा कि सब्सिडी का लाभ लेने के लिए सभी लाभार्थी ई केवाईसी अवश्य करवा लें। इस अवसर पर सभी सम्बंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

## शाहाबाद नगर के प्रमुख मार्गो से एसपी ने पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया



पैदल मार्च करते हैं एसपी नीरज कुमार जादौन — फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद (हरदोई)।** पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने होली पर्व और रमजान के मद्देनजर नगर के प्रमुख मार्गो से पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था को जायजा लिया और पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पैदल मार्च के दौरान अफरा-तफरी का आलम रहा। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन शाम ०7:30 बजे शाहाबाद कोतवाली पहुंचे। यहां पर क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक शिवगोपाल के साथ पैदल मार्च किया। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ब्लाक चौराहा, बस स्टैंड, सिनेमा चौराहा, आरपीएम इंटर कॉलेज, गुलाब बैंड चौराहा, घास मंडी, बड़ी बाजार, सदर बाजार, घंटाघर, सराफा बाजार, चौक होते हुए सीधे महुआ टोला चुंगी पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत को परखा और क्षेत्राधिकारी तथा प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## तम्बाकू उत्पाद प्रयोग न करने की दिलायी गयी शपथ




राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** शासन के निर्देश के क्रम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 मार्च 2025 ''नो स्मोकिंग डे'' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार के साथ-साथ जनपद के समस्त सामु0स्वा0 केन्द्रों, समस्त अर्बन प्रा0स्वा0 केन्द्र, 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय एवं जिला पुरूष एवं महिला चिकित्सालय में वृहद हस्ताक्षर अभियान चलाकर तम्बाकू उत्पाद प्रयोग न करने की शपथ दिलायी गयी। ''नो स्मोकिंग डे'' के अवसर पर डा0 सुरेन्द्र कुमार, उप मु0चि0अ0, अधिकारी, हरदोई द्वारा तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के उद्देश्य एवं लक्ष्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होनें यह भी बताया कि सिगरेट पीना सेहत के लिए हानिकारक है। स्मोकिंग से लंग कैसर से लेकर हाट अटैक तक का खतरा होता है। लेकिन फिर भी इसका नशा बढ़ता ही जा रहा है। हर साल स्तन कैंसर से ज्यादा महिलाएं फेफड़ों के कैंसर से मरती हैं। धूम्रपान के कारण Cronic Obstructive Pulmonary Diseases COPD के कारण होने वाली लगभग 80: मौतें (या 10 में से 8) होती हैं। इसलिए, सिगरेट पीने से पुरुषों और महिलाओं दोनों में मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है। धूम्रपान इन सभी बीमारियों का कारण बन सकता है-फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारियां, मधुमेह का खतरा बढ़ जाता है, अंधापन और दृष्टि संबंधी समस्याएं, हड्डियों की कमजोरी, मसूड़ों की बीमारी, पेट में छाले इत्यादि। सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 की धारा-4 के बारे में भी बताया गया कि सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू उत्पाद का प्रयोग करना दण्डनीय अपराध है। जिसका उल्लंघन करने पर रू0 200/-तक का जुर्माना किया जा सकता है। इस अवसर पर डा0 शिवम् गुप्ता, जिला सलाहकार एन0टी0सी0पी0, नीरज गुप्ता एफ0एल0सी0, हिमांशु सिंह, असित श्रीवास्तव अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर आदि उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक को मौत

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बक्शीपुर में बुधवार को दिल्ली से घर लौटकर आए युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा है। मृतक के मामा अमित सिंह के अनुसार उसका 31 वर्षीय भांजा आकाश सिंह पुत्र शिवराज सिंह बुधवार को सुबह ही दिल्ली से लौटकर आया था। सुबह करीब 8 बजे उसने घर के अंदर प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के मामा द्वारा दी गई सूचना पर एसआई रंजीत चौधरी ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भिजवाया है। फारेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र कर जानकारी ली है। मृतक के घर में कोहराम मचा है। चौधरी ने बताया मृतक के माता पिता भी दिल्ली में ही रहते हैंए वह पहले ही चला आया था। घर में उसकी दादी अकेले थी। उसने आने के बाद दादी से दूसरे मकान की चाभी मांगी नहाने के लिए और उसी दूसरे मकान में आत्महत्या कर ली। माता पिता के आने के बाद ही जानकारी कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## मेरा गाँव मेरा विद्यालय कार्यक्रम किया गया आयोजित



**हरपालपुर (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** विकास सांडी के पीएम श्री संविलियन विद्यालय में मेरा गांव मेरा विद्यालय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर एवं दीप साथ किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा किसी भी गांव व राष्ट्र की उन्नति के लिए उस समाज का शिक्षित तथा साक्षर होना आवश्यक है।बच्चे की प्रथम शिक्षक उसकी मां तथा दूसरा शिक्षक उसका पिता होता है।जिला उपाध्यक्ष द्वारा छात्र छात्राओं को खूब पढ़ने आगे बढ़ने का मूलमंत्र दिया गया।इस मौके पर ग्राम प्रधान डॉक्टर वैशाली यादवएप्रधानाचार्य बृजमोहन मिश्रए एआरपी शैलेंद्रएआनंदेश्वर पांडेयएआलोक शुक्ला आदि रहे।

### पति सहित तीन ससुरारीजनों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खलील निवासी एक विवाहिता ने अपने पति सहित तीन ससुरारीजनों के विरुद्ध अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न किए जाने का केस दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़िता शबा पुत्री हसीन खां के अनुसार उसका विवाह डेढ़ वर्ष पूर्व कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खलील में अरशद के पुत्र साहिल के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। उसके माता पिता ने हैसियत मुताबिक दान दहेज देकर विदा किया था। शादी के कुछ दिन बाद से ही अतिरिक्त दहेज में बाइकए सोने की मोटी चेन और दो लाख रुपए की मांग को लेकर उसका पतिएससुर अरशद और सास रुखसाना उसे आए दिन प्रताड़ित करने लगे। दस मार्च को समय करीब ०4:०० बजे शाम को विपक्षियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट कर पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया।विवाहिता की लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है बुधवार को दोपहर ०2:30 बजे प्रभारी निरीक्षक शिव गोपाल ने बताया आरोपियों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### ई-रिक्शा पलटने से चालक की मौत

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली क्षेत्र के पिपरिया पुल के पास एक तेज रफ्तार ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव भदासी निवासी विनय पुत्र रामनरेश ई रिक्शा लेकर अनगपुर से रात में करीब 8रू30 बजे वापस लौट रहा था। पिपरिया पुल के पास तेज रात रफ्तार ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें दबकर विनय घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची क्षेत्रीय पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। घायल अवस्था में विनय को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी शाहबाद लाया गया। जहां डॉक्टरों ने ई रिक्शा चालक को मृत घोषित कर दिया। ई रिक्शा चालक के परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल है।

### कथित हत्यारोपियों का पुतला फूंका सौपा ज्ञापन

**कछौना (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** बुधवार को लखनऊ हरदोई मार्ग कछौना बस स्टॉप पर सीतापुर में दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई



की दिन धाड़े गोली मार कर हत्या किये जाने व अबतक हत्यारोपियों का खुलासा न होने के विरोध में हरदोई पत्र कार एसोशिएसन के जिला उपाध्यक्ष मनोज तिवारी व कछौना ब्लाक अध्यक्ष राम शंकर आज़ाद के नेतृत्व में कथित हत्यारोपयों का पुतला दहन कर विरोध प्रकट किया और मुख्य मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन कोतवाली निरीक्षक विनोद कुमार को दिया गया जिसमे मांग कि गयी है कि हत्यारोपियों को फांसी कि सजा दी जाये पत्रकार के स्वजनों को एक करोड़ रुपया व पत्नी को सरकारी नौकरी एवं पत्रकार सुरक्षा क़ानून बनाने कि मांग की गयी है पुतला दहन के समय अजय सिंह गौरव मिश्र नन्द किशोर शर्मा अरुण शुक्ला शौरभ श्रीवास्तव, मोहित दुवेदी अंकित वर्मा शिवम गुप्ता आदि पत्र कार मौजूद रहे।

## महाकुम्भ में ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मी सम्मानित



पुलिस कर्मियों को सम्मानित करते क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा — फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद (हरदोई)।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में ड्यूटी करने वाले शाहाबाद के पुलिस कर्मियों को व्यापारी नेताओं ने एक भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया और उनकी सेवाओं को सराहनीय बताया। सरकार के आंकड़ों के अनुसार देश विदेश से आये 65 करोड़ से अधिक श्रद्धांलुओं ने संगम में स्नान किया। इस महाकुम्भ की सुरक्षा व्यवस्था के लिए हजारों पुलिस कर्मी तैनात किये गए। जिन्होंने दिन रात ड्यूटी करके आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। महाकुम्भ भले ही इतने बड़े भव्य आयोजन का श्रेय सरकार को जाता हैए लेकिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर इतने व्यवस्थित ढंग से आयोजन को सफल बनाने के असली हक़दार पुलिस कर्मी हैं। जिन्होंने निरंतर खड़े रहकर करोड़ों लोगों की भीड़ को कंट्रोल किया है, भटके हुए लोगों को रास्ता बताया, बिछड़े हुए लोगों को उनके परिजनों से मिलवाया, करोड़ों की भीड़ को बल का प्रयोग किये बिना नियंत्रित किया। कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश के इस विशालकाय आयोजन को सफल बनाकर विश्व रिकार्ड बनाया। शाहाबाद के भी कुछ पुलिस कर्मियों द्वारा प्रयागराज महाकुम्भ के भव्य आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया गया। शाहाबाद पुलिस कर्मियों के उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए उद्योग व्यापार मंडल ने उन्हें सम्मानित करने का मन बनाया। उद्योग व्यापार मंडल शाहाबाद द्वारा क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा के साथ महाकुम्भ ड्यूटी करने वाले 3 महिला पुलिस कर्मियों समेत 19 पुलिस कर्मियों को महाकुम्भ 2025 प्रशस्ति पत्र एवं मिठाई का डिब्बा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्वेश गुप्ता, महामंत्री संजीव बांगा, छुन्ना भईया, राजकुमार सक्सेना, आदित्य सिंह, मोहित गुप्ता, राजू वर्मा, सत्यप्रकाश गुप्ता, साजिद अली, नेहाल वारसी, अर्जुन गुप्ता, रजत गुप्ता, हरिबोल गुप्ता इत्यादि कई व्यापार मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ऑफ लाइन के साथ-साथ ऑनलाईन योग शिविर लगाकर योग कराया गया




राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** होली के पावन पर्व के पर यज्ञ और शहीद उद्यान हरदोई में ऑफ लाइन के साथ-साथ ऑनलाईन योग शिविर लगाकर योग कराया गया और साथ साथ होली गीत आदि गाये गए तथा फूलों की होली खेली गई और गुलाल भी लगाया गया तथा सभी ने सभी को हार्दिक बधाई दी। हरिबंश सिंह जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति हरदोई ने कहा कि होली का पावन पर्व आपस में प्रेम से मिलजुल कर रहने के लिए प्रेरित करता है और आपसे जो भी बैर भाव हो गया हो उसको दूर कर तथा बड़ों से माफी मांग कर तथा छोटों की गल्तियों को माफ कर नये सिरे पुन: पुरुषार्थ के साथ जीने के लिए प्रेरित करता है। हमे अपनी बुराइयों को छोड़ कर अच्छाइयों को गृहण करना चाहिए तथ पोजिटिव सोच के साथ जीना चाहिए । यह सब योग करने पैदा होता है जिससे शरीर स्वस्थ रहता है मन प्रशन्न रहता है। सभी भाई बहनों को होली की हार्दिक बधाई सहित बहुत बहुत शुभकामनाएँ। उक्त अवसर पर शशिकला सिंह, प्रतिभा गुप्ता, रिन्की गुप्ता, रामजानकी मौर्या, रंजन देवी, आरती शुक्ला, भावना गुप्ता, तोताराम गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता, रामनरेश गुप्ता, रामसरण पाल, दया नाथ, अजय सिंह, अनूप तिवारी, आदि मौजूद रहे।

## दोपहर 02:00 बजे होगी जुमा की नमाज

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** शाहाबाद की जामा मस्जिद में शुक्रवार को जुमा की नमाज होली पर्व के मद्देनजर एक घंटे देरी से ०2:00 बजे संपन्न होगी। इसके लिए इमाम द्वारा सभी नमाजियों को जामा मस्जिद और सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना दे दी गई है। जामा मस्जिद के इमाम मकसूद हुसैन ने बताया होली पर्व की वजह से जुमा के दिन रंग खेला जाता है इसलिए सहूलियत को देखते हुए एवं सांप्रदायिक सद्भाव को ध्यान में रखते हुए जुमा की नमाज दोपहर ०2:00 बजे की रखी गई है। उन्होंने समस्त नमाजियों से अपील की है कि दोपहर ०2:00 बजे जामा मस्जिद पहुंचकर नमाज अदा करें।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइकसवार घायल

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली क्षेत्र के पाली मार्ग पर मुरीदापुर गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार घायल हो गया। घायल बाइक सवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पाली थाना क्षेत्र के ग्राम गुटका मऊ निवासी धीरज कुमार पुत्र सतीश कुमार बुधवार की शाम ०5:30 बजे गांव से शाहाबाद की ओर आ रहा था। वह जैसे ही मुरीदापुर फ्लोर मिल के निकट पहुंचा वैसे ही विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उसके टक्कर मार दी जिससे वहां गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में धीरज को शाहाबाद सीएचसी लाया गया है जहां उसका प्राथमिक उपचार चल रहा है।

## सतरंगी जीत

होली से पहले ही हमारी क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर उल्लास-उमंग का ऐसा रंग दिया कि हर भारतीय निखर उठा। होली से पहले देश में दिवाली का भी जश्न मना। देश के कोने-कोने ही नहीं, दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में खूब तिरंगे लहराये। वहां तन-मन पर तिरंगे अहसास मुखरित हुए। निरंतर जीत की लय में नजर आ रही टीम ने देश की धड़कनों को उस समय ऊंचाई दी जब फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया। एक ऐसी जीत जिस पर हर भारतीय गर्व कर सके। यह भारतीय क्रिकेट डिप्लोमेसी की भी बड़ी जीत थी, जिसने बताया कि क्रिकेट जगत में भारत के दखल का कोई विकल्प नहीं है। इस बार चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजक पाकिस्तान था, जिसने स्टेडियम तैयार करने और अपनी धरती पर यह वैश्विक स्पर्धा आयोजित करने को जी-जान लगायी और पैसा खर्च किया। लेकिन बावजूद इसके आईसीसी में भारतीय वर्चस्व के चलते हमारी टीम ने कोई भी मैच पाकिस्तान में नहीं खेला। भारत ने सारे मैच तीसरे देश दुबई में खेले। फिर चैंपियंस ट्रॉफी भी जीत ली। पाकिस्तान के हुकमरान व क्रिकेट के कर्ता-धर्ता मन मसोस कर रह गये। बहरहाल, भारतीय टीम का दस महीनों में यह दूसरा विश्व खिताब है। भारत ने जून, 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था। कप्तान रोहित शर्मा को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उनकी कप्तानी में देश ने दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट जीता। सही मायनों में फाइनल में उन्होंने कप्तान की पारी खेली और शानदार-धुआंधार 76 रन बनाये। निश्चित रूप से फाइनल मैच में स्पिनरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कसे शिकंजे का ही नतीजा था कि न्यूजीलैंड को 251 पर बांध दिया गया। फिर रोहित की पारी के अलावा श्रेयस अय्यर व केएल राहुल की शानदार पारियों ने टीम को जीत के मुहाने तक पहुंचाया। ओपनर्स रोहित शर्मा और शुभमन गिल की रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी ने टीम में जीत का जज्बा पैदा किया। दोनों धुरंधरों ने पहले विकेट के लिये 105 रन जोड़े। बहरहाल, बारह साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी में जीता खिताब भारतीयों को उल्लास से भर गया। वहीं टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में पच्चीस साल पहले न्यूजीलैंड के हाथों मिली हार का भी बदला ले लिया। सुखद यह भी है कि हमारी टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। उससे भी महत्वपूर्ण यह है कि भारतीय टीम तीन बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम बन गयी। यह भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिये निश्चय ही गर्व की बात है। इस टूर्नामेंट की एक खास उपलब्धि रही मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की खोज। वे शुरुआत में प्रस्तावित टीम का हिस्सा नहीं थे। लेकिन उन्होंने खुद को साबित किया और विरोधियों को उन्हें समझने में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की उपलब्धि यह भी है कि उसने आईसीसी इवेंट्स में पिछले 14 मैच लगातार जीते हैं। गर्व का पल यह भी है कि भारत के पास एक ही समय में टी-20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब है। दुनिया की ऐसी अनुभवी टीम जिसमें रोहित शर्मा व विराट कोहली के पास नौ आईसीसी फाइनल खेलने का रिकॉर्ड है। बहरहाल, इस मैच में भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को इस बात को लेकर निराशा जरूर हुई होगी कि पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में रहे विराट कोहली फाइनल मुकाबले में सिर्फ दो गेंदों का ही सामना कर पाए। लेकिन श्रेयस अय्यर व केएल राहुल ने इस कमी को पूरा किया। बहरहाल, टॉस के मामले में अनलकी रहने वाले रोहित शर्मा ने होली से पहले क्रिकेट की जीत के रंग में भारतीयों को सराबोर कर दिया। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय टीम ने अपनी जमीन पर वर्ष 2023 के वर्ल्ड कप में मिली पराजय के बाद जीत का जबरदस्त जज्बा पैदा किया। तब लगातार दस मैच जीतने के बावजूद टीम फाइनल में हार गई थी। लेकिन टीम ने वैसी गलती फिर नहीं दोहरायी।

**देश के कोने-कोने ही नहीं, दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में खूब तिरंगे लहराये। वहां तन-मन पर तिरंगे अहसास मुखरित हुए। निरंतर जीत की लय में नजर आ रही टीम ने देश की धड़कनों को उस समय ऊंचाई दी जब फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया। एक ऐसी जीत जिस पर हर भारतीय गर्व कर सके। यह भारतीय क्रिकेट डिप्लोमेसी की भी बड़ी जीत थी, जिसने बताया कि क्रिकेट जगत में भारत के दखल का कोई विकल्प नहीं है। इस बार चौंपियन ट्रॉफी का आयोजक पाकिस्तान था, जिसने स्टेडियम तैयार करने और अपनी धरती पर यह वैश्विक स्पर्धा आयोजित करने को जी-जान लगायी और पैसा खर्च किया।**

# बदलते ज़माने की रंग बदलती होली

प्रियंका सौरभ

**होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े-बुजुर्ग इस बात पर अफ़सोस जताते हैं कि अब हंसी-मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। रंगों की बौछारें और होली की जीवंतता ने उत्सव के बाद जैसी शांत ले ली है। 'आओ राधे खेलें फाग, होली आई' के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द-गिर्द होने वाली मस्ती-मजाक की आवाज़ें समय के साथ दबती जा रही हैं। फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ़ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग ख़ुशी से एक-दूसरे पर रंग डालते और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस ख़ुशी थी। होली की तैयारियाँ वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थी और समुदाय के आंगन और मंदिर चंग की थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नज़र आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए ''हैप्पी होली'' के साथ शुरू और ख़त्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे।**

होली ऐसा त्यौहार है जिसे हर पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं। लोग दुश्मनी भुलाकर एक-दूसरे के गले मिलते हैं। फिर भी, एकता और प्यार का यह त्यौहार बदल रहा है। फाल्गुन की खुशियाँ अब दूर की यादों की तरह लगती हैं। होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े-बुजुर्ग इस बात पर अफ़सोस जताते हैं कि अब हंसी-मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। रंगों की बौछारें और होली की जीवंतता ने उत्सव के बाद जैसी शांत ले ली है। 'आओ राधे खेलें फाग, होली आई' के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द-गिर्द होने वाली मस्ती-मजाक की आवाज़ें समय के साथ दबती जा रही हैं। फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ़ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग ख़ुशी से एक-दूसरे पर रंग डालते और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस ख़ुशी थी। होली की तैयारियाँ वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थी और समुदाय के आंगन और मंदिर चंग की थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नज़र आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए ''हैप्पी होली'' के साथ शुरू और ख़त्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय मोबाइल पर समय बिताने में ज्यादा रुचि रखते हैं। पहले के समय में पड़ोसियों की बहू-बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था। घर स्वादिष्ट व्यंजनों की ख़ुशबू से भर जाते थे और मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया जाता था। आज, समारोह ज्यादातर अपने घर तक ही सीमित रह गए हैं और समुदायिक भावना कम होती जा रही है। फ़ोन पर एक साधारण ''होली मुबारक'' ने पहले के दिल से जुड़े रिश्तों की जगह ले ली है, जिससे रिश्ते कम मधुर लगने लगे हैं। इस बदलाव के कारण परिवार अपनी बहू-बेटियों को दोस्तों या रिश्तेदारों से मिलने देने में हिचकिचाते हैं। पहले लड़कियाँ होली के दौरान ख़ुशी और हंसी-मजाक करती हुई खुली हवा में घूमती थीं, लेकिन अब अगर कोई लड़की किसी रिश्तेदार के घर ज़्यादा देर तक रुकती है, तो उसके परिवार में चिंता पैदा हो जाती है। होली का त्यौहार खुशियों का मौसम हुआ करता था, जिसकी शुरुआत होली के पौधे लगाने से होती थी। छोटी-छोटी लड़कियाँ गाय के गोबर से वलुडिया बनाती थीं, खूबसूरत मालाएँ बनाती थीं, जिन पर आभूषण, नारियल, पायल और बिछिया होती थीं। दुख की बात है कि ये परंपराएँ अब ख़त्म हो गई हैं। पहले घर पर ही टेसू और पलाश के फूलों को पीसकर रंग बनाया जाता था और महिलाएँ होली के गीत गाती थीं। होली के दिन सभी लोग चंग की ताल पर नाचते हुए जश्न मनाते थे। बसंत पंचमी से ही फाग की धुनें गूंजने लगती थीं, लेकिन अब होली के गीत कुछ ही जगह सुनाई देते हैं। परंपरागत रूप से, विभिन्न समुदायों के लोग ढोलक और चंग की थाप के साथ होली खेलने के लिए एकत्रित होते थे। अब वह जीवंतता कहाँ चली गई? आज, होली महज़ एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्यौहार के दिन घर के अंदर रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्यौहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को ख़त्म कर रही है। एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठा होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। समूह में लोग होली की खुशियाँ बाँटने के लिए एक-दूसरे के घर जाते और फगुआ गाते थे। अब, वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। हर महीने और हर मौसम में एक नया त्यौहार आता है, जो हमें उस ख़ुशी की याद दिलाता है जो वे ला सकते हैं। ये उत्सव हमें उत्साहित करते हैं, हमारे दिलों में उम्मीद जगाते हैं और अकेलेपन की भावनाओं को दूर करते हैं, भले ही कुछ पल के लिए ही क्यों न हो। हमें इस त्यौहारी भावना को संजोकर रखना चाहिए।

# भारतीय संस्कृति सामाजिक मूल्यों की निधि



लेखक- राजू बाबू सिंह
रिटायर्ड डीआईजी



भारतीय संस्कृति सामाजिक मूल्यों की निधि है यही कारण है कि भारतीय संस्कृति विश्व की समस्त संस्कृतियों से ज्यादा समृद्ध मानी जाती है हमारे वेद और पुराण पग पग में हमको मार्गदर्शन करते हैं और सन्मार्ग पर चलने की शिक्षा देते हैं समाज में शांति और सद्भावना बनी रहे तथा ''सर्वे भवन्तु सुखिनः''

की उक्ति चरितार्थ होती रहे इसके लिए विभिन्न मूल्य को जन्म दिया गया इसी क्रम में कहा गया है कि परोपकार सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है परोपकार से समाज में सुव्यवस्था स्थापित करने में मदद मिलती है। भारतीय समाज में अक्षम , असहाय, दीन दुखी, पीड़ित, वृद्ध तथा प्राकृतिक प्रकोप के समय कष्ट में पड़े हुए व्यक्तियों की मदद के लिए परोपकार एक प्रेरक तत्व के रूप में काम करता है इस भावना से प्रेरित व्यक्ति सदैव दूसरे पीड़ित व्यक्तियों के कष्ट के निवारण के लिए अपने क्षमता के अनुसार तन मन और धन से लगकर सहायता करता है कहा जाता है कि निःस्वार्थ भाव से किए गए परोपकार से पुण्य की प्राप्ति होती है वहीं पर दूसरी तरफ कुछ व्यक्ति ऐसे होते हैं जो अकारण ही किसी दूसरे को पीड़ा पहुंचते हैं इसीलिए हमारे शास्त्रों में यह कहा गया है कि दूसरे के पीड़ा के समान कोई अधम अर्थात नीच कार्य नहीं है दूसरे को पीड़ा पहुंचाने से पाप होता है कहा गया है कि

''अष्टादश पुराणेषु व्यासस्य वचनद्वयम। परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम।।''

18 पुराणों में वेदव्यास ने केवल दो ही विशिष्ट बात कही है जिसमें परोपकार के कार्य पुण्य प्राप्ति के लिए और पर पीड़ा को पाप प्राप्ति के लिए कारण बताए गए हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में लिखा है कि

पर हित सरिस धर्म नहीं भाई।
पर पीड़ा सम नहिं अधमाई।।

गोस्वामी तुलसीदास ने पर हित के कार्य को परम धर्म कहा है और पर पीड़ा के कार्य को परम नीच कार्य कहा है। हमारे शास्त्रों की खूबसूरती यही है कि इस अवधारणा के माध्यम से जनमानस को आत्म नियंत्रण पर बल दिया गया है । यह भी बताया गया है कि हम जब भी कोई गलत कार्य करते हैं तो हमारे अंतर की चेतना हमें जाग्रत करती है एक बार वह चेतना हमें गलत कार्य करने से रोकती है यदि हम शास्त्रों के द्वारा बताई गई बातों को अपने चरित्र पर उतारते हैं तो निश्चय ही अंतर चेतना की बात को हम आत्मसात करते हुए अपने को गलत कार्य करने से रोकते हैं और यदि हम अंतर चेतना की भाषा को नहीं समझते हैं तो निश्चय ही अंतर चेतना जो परम तत्व है चित यानि चैतन्य स्वरूप है वह हमको हमारे किए गए कार्य के लिए अपराध बोध कराती है।अपराध बोध से ग्रस्त व्यक्ति स्वयं से अपने आप को अपने आप में दंडित करता है वहीं यदि व्यक्ति सत्कार्य परोपकार के कार्य करता है तो स्वयमेव आनंद की अनुभूति करता है यह आनंद अनुभूति व्यक्ति को परमात्म तत्व से जोड़ती है क्योंकि वह परमात्म शक्ति आनंद स्वरूप ही होती है अतः आनंद की अनुभूति करते हुए उसे परमात्म शक्ति की अनुभूति होती है इस प्रकार से समाज में आत्म नियंत्रण के माध्यम से सुव्यवस्था स्थापित होती है । हमारा कानून कितना भी समृद्ध हो किंतु कानून की भाषा में जब तक हम कोई अपराध कारित नहीं करते हैं तब तक कानून की दृष्टि में कोई दंड का विधान नहीं है हमारे शास्त्रों की खूबसूरती है कि मनसा वाचा और कर्मणा तीनों प्रकार के अपराध को परिभाषित किया गया है अर्थात यदि हम मन से भी किसी व्यक्ति के विरुद्ध अपराध करने की बात सोच लेते हैं तो हमको उसका पाप लग जाएगा कानून में सोच लेने मात्रा में अपराध नहीं होता है हमारे शास्त्र कितने समृद्ध हैं यदि हम आज की दशा में जहां समाज में राग द्वेष और कलह है मैं और मेरी के लक्ष्मण रेखा है भेद बुद्धि का भविष्य है ऐसी दशा में जहां विश्व में कई राष्ट्रों में मार काट चल रही है यदि भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आत्मसात किया जाए तो निश्चित ही समाज और विश्व में सुव्यवस्था स्थापित हो सकती है। इन्ही मूल्यों को दृष्टिगत रखते हुए भतृहरि ने लिखा

''विभाति कायः करुणापराणाम
परोपकारैः न तु चन्दनेन''

अर्थात कारण हृदय के व्यक्तियों की शोभा चंदन लगाने से नहीं बल्कि परोपकार करने से होती है

और इसी क्रम में कहा गया है कि सज्जनों की विभूतियां यानी समृद्धि उनकी क्षमता उनकी योग्यता उनकी धन संपत्ति परोपकार के लिए होती है

''परोपकाराय सतां विभूतयः''

# होली पर सच्चाई के रंग भरे और सब एक हो जायें

ललित गर्ग

**होली के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान की जाए। स्नेह और सम्मान का, प्यार और मुहब्बत का, मैत्री और समरसता का ऐसा शमां बांधना चाहिए कि जिसकी बिसात पर मानव कुछ नया भी करने को प्रेरित हो सके। होली का त्योहार 'असत्य पर सत्य की विजय' और 'दुराचार पर सदाचार की विजय' का प्रतीक है। इस प्रकार होली का पर्व सत्य, न्याय, भक्ति और विश्वास की विजय तथा अन्याय, पाप तथा राक्षसी वृत्तियों के विनाश का भी प्रतीक है।**

होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट् समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, दुनिया को जोड़ने का माध्यम बन गया है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। वस्तुतः होली आनंदोल्लास का पर्व है। होली प्रेम, आपसी सद्भाव और मस्ती के रंगों में सराबोर हो जाने का अनूठा त्यौहार है। यद्यपि आज के समय की गहमागहमी, मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़ से होली की परम्परा धुंधली हो रही है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तक प्रकृति हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। होली ही एक ऐसा त्योहार है, जिसके लिये मन ही नहीं, माहौल भी तत्पर रहता है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक सचेतन माहौल बनाएं, जहां हम सब एक हो और मन की गन्दी परतों को उतार फेंके ताकि अविभक्त मन के आईने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए। एक तरह से देखा जाए तो यह उत्सव प्रसन्नता को मिल-बांटने का एक अपूर्व अवसर होता है। होली की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसको मनाते हुए हम समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। इस त्योहार को मनाने के पीछे की भावना है मानवीय गरिमा को समृद्धि प्रदान करना, जीवनमूल्यों की पहचान को नया आयाम प्रदत्त करना। हम कितने भोले हैं कि अपनी संस्कृति एवं आदर्श परम्पराओं को हमीं मिटा रहे हैं। स्वयं अपना घर जला कर स्वयं तमाशा बन रहे हैं। आखिर हमीं तो वे लोग हैं जिन्होंने देश की पवित्र जमीं के नीचे हिंसा, अन्याय, शोषण, आतंक, असुरक्षा, अपहरण, भ्रष्टाचार, अराजकता, अत्याचार जैसे घिनौने तत्वों की गहरी और लम्बी सुरंगें बिछाकर उन पर अपने स्वार्थों का बारूद फैला दिया बिना कोई परिणाम सोचे, बिना भविष्य की संभावनाओं को देखे। इन अंधेरों एवं जटिल हालातों के बीच होली जैसे त्योहार हमारी रोशनी की इंजतार एवं उजालों की कामना को पूरा करने के लिये हमें तत्पर करते हैं। होली के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान की जाए। स्नेह और सम्मान का, प्यार और मुहब्बत का, मैत्री और समरसता का ऐसा शमां बांधना चाहिए कि जिसकी बिसात पर मानव कुछ नया भी करने को प्रेरित हो सके। होली का त्योहार 'असत्य पर सत्य की विजय' और 'दुराचार पर सदाचार की विजय' का प्रतीक है। इस प्रकार होली का पर्व सत्य, न्याय, भक्ति और विश्वास की विजय तथा अन्याय, पाप तथा राक्षसी वृत्तियों के विनाश का भी प्रतीक है। फाल्गुन मास और होली की परम्पराएँ श्रीकृष्ण की लीलाओं से सम्बद्ध हैं और भक्त हृदय में विशेष महत्व रखती हैं। श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर होली का रंगभरा और रंगीनीभरा त्यौहार मनाना एक विलक्षण अनुभव है। होली जैसे त्यौहार में जब अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, ब्राह्मण-शूद्र आदि सब का भेद मिट जाता है, तब ऐसी भावना करनी चाहिए कि होली की अग्नि में हमारी समस्त पीड़ाएँ, दुःख, चिंताएँ, द्वेष-भाव आदि जल जाएँ तथा जीवन में प्रसन्नता, हर्षोल्लास तथा आनंद का रंग बिखर जाए। होली का कोई-न-कोई संकल्प हो और यह संकल्प हो सकता है कि हम स्वयं शांतिपूर्ण जीवन जीये और सभी के लिय बदलती युग-सोच एवं जीवनशैली से होली त्यौहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में धुंधलका आया है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक उन्नत आत्म उन्नयन एवं सौहार्द का माहौल बनाएं, जहां हमारी संस्कृति एवं जीवन के रंग खिलखिलाते हुए देश ही नहीं, दुनिया में अहिंसा, प्रेम, भाई-चारे, साम्प्रदायिक सौहार्द के रंग बिखेरे। पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए। होली रंगों का निराला एवं अनूठा पर्व है और हमारा जीवन ढेर सारे रंगों का एक पिटारा है। यहां हर रंग जुदा है तो दूसरों से मिला हुआ भी। एक रंग, दूसरे से मिलकर तेजी से नया ही रंग-रूप धर लेता है। किसी एक पर अटके रहकर काम चल ही नहीं सकता। यही जीवन लीला है। पर क्या दूसरों के रंगों को अपने में समा लेना आसान होता है? रंगों को कोई तो कैनवस चाहिए ही ना! संकल्प हो तो कितने रंग खिल सकते हैं? सच यह है कि ना ही दूसरों को अपना बनाना आसान है और ना ही दूसरों का होकर रह पाना। जीवन को हर रंग में जीने और स्वीकारने की कला सबको नहीं आती। उसके लिए जरूरत होती है, एक मस्तमौला नजरिए की। समुद्र से मिलने को तत्पर, मीलों बहती रहने वाली नदी की ऊर्ज़ा का। ऊर्ज़ा और आनंद के इसी मेल का प्रतीक है होली का त्यौहार, जो लगातार बदलते रहने के बावजूद बना रहता है, ध्रुव है, सत्य है। जितने रंग प्रकृति के हैं, उतने ही हमारे हैं और प्रकृति हर पल रंग बदलती है। पुरानी पत्तियां शाख छोड़ती नहीं हैं कि नई खिलनी शुरू हो जाती हैं। पतझड़ और बसंत साथ ही चलते रहते हैं। धरती के भीतर के घुप अंधेरों को चीर कर बाहर निकला बीज, फूल, शाख, पत्तियां और फल के रंग धर लेता है। उगने, डूबने, खिलने, फैलने, मिलने, सूखने, झड़ने, चढ़ने, उतरने और खत्म होने का हर रंग प्रकृति में है और है होली के मनभावन पर्व में। पर प्रकृति हो या होली इनसे उदासीन हम, कुछ ही रंगों में सिमट जाते हैं। गिले-शिकवों, उदासी, तेरे-मेरे, क्रोध और कुंठा में ही अटक जाते हैं। नतीजा, जिंदगी में तनाव और उदासी घिरने लगती है। हम भी भविष्य की अनगिनत संभावनाओं को साथ लिए आओ फिर से जीवन में सच्चाई का रंग भरने का प्राणवान संकल्प करें। होली के लिए माहौल भी चाहिए और मन भी चाहिए, ऐसा मन जहाँ हम सब एक हों और मन की गंदी परतों को उखाड़ फ़ेकें ताकि अविभक्त मन के आइने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। कलाकार एमी ग्रेंट के अनुसार, 'काला रंग गहराई देता है। इसे मिलाए बिना किसी वास्तविकता को रचा नहीं जा सकता।' जीवन में सुख-दुख दोनों हैं। दोनों एक-दूसरे में बदलते रहते हैं। हमें सुख अच्छा लगता है और दुख में हम घबरा उठते हैं। सारी कोशिशें ही दुखों से बचने की होती हैं। होली का अवसर भी सारे दुःखों को भूलकर स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का अवसर है, राग-रंग से परे होकर स्वयं को रंगना एवं दूसरों को रंग लगाना ही होली है, होली न सिर्फ बाहर से बल्कि भीतर से रंग जाने, आध्यात्मिक एवं पवित्र हो जाने की सीख है, होली दिलों से जुड़ी भावनाओं का पर्व है। यह मन और मस्तिष्क को परिष्कृत करने का अनुष्ठान है।

# गुलाल और टोपियों से सजी होली की दुकानें, खरीदारी को उमड़ रही भीड़

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। जिला मुख्यालय से लेकर नगर से ग्रमीणों की गलियों तक होली के लिए दुकान सज रही है बच्चों और युवाओं को पिचकारी भूत प्रेत का मुखौटा मैजिक गुलाल गन व इंडियन पिचकारियां बाजार की दुकानों में सज चुकी है केमिकल युक्त चीजें से दूर हर्बल रंग और हर्बल गुलाल बिक रहे हैं।होली की खरीदारी को लेकर लोग अभी से ही काफी उत्साहित हैं।इसका अंदाजा शहर कस्बे में सजी रंग गुलाल की दुकानों पर हो रही खरीदारी से लगाया जा सकता है।शहर से लेकर गांव तक के दुकानों में विभिन्न प्रकार के रंग व अबीर का रेंज लग चुक है. गोला नगर के सदर ,चौरहे पर बने अस्थायी दुकानों में रंग बिरंगे पिचकारी और मुखौटे बिक रहे है. जहां एक से बढ़कर एक पिचकारी सजा हुआ है. जो बच्चों को आकर्षित कर रहा है. इस साल होली में हर्बल अबीर की मांग कुछ अधिक ही देखने को मिल रही है. यही कारण है कि दुकानदार इस साल हर्बल अबीर का स्टॉक करके रखे हुए हैं. बच्चों के लिए पिचकारी 50 रूपये से लेकर 700 रूपये तक और मुखौटा 50 से लेकर 200 रूपये तक का उपलब्ध है. भूत प्रेत से लेकर फिल्मी दुनियां के हीरो व राजनेता के मुखौटे बच्चे अधिक पसंद कर रहे हैं. वहीं युवा वर्ग का बाल जड़ा हुआ टोपी पहला पसंद देखा जा रहा है. घरों से आने लगी पकवान की सुगंध पर्व नजदीक आते ही घरों से पकवान की सुगंध भी आने लगी है. बाजार में पकवान बनाने की सामग्री को लेकर किराना दुकान पर सुबह से लेकर शाम तक लोगों की भीड़ लगी रहती है. बाजार में घी, रिफाइंन, ऑयल, सूजी, मैदा, बेसन और चना दाल व इमली की बिक्री खूब हो रही है. महिलाएं दहीबाड़ा व पुआ बनाने के लिए अभी से ही तैयारी में जुट गयी है. महिलाओं का कहना है कि दहीबाड़ा बनाने के लिए दाल को पानी में काफी देर तक रखना पड़ता है. इसलिए अभी से ही इसकी तैयारी की जा रही है 13 मार्च को होगा होलिका दहन और 14 मार्च को होली खेलने के बाद मंदिर में भगवान के दर्शन करने जाते हैं तत्पश्चात शाम को होली मिलन समारोह होता है।

## हत्या के 21 साल पुराने मामले में दोषी को आजीवन कारावास

मुरादाबाद। मुरादाबाद के विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट कोर्ट संदीप गुप्ता की अदालत ने बुधवार को संभल निवासी ट्रक ड्राइवर की हत्या के 21 साल पुराने मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 24,000 रुपये जुर्माना भी लगाया। एससी-एसटी कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक आनंदपाल सिंह एडवोकेट ने बुधवार को बताया कि संभल के मंडी किशन दास सराय निवासी ट्रक मालिक मो. अशफाक हुसैन ने बहजोई थाने में छह नवंबर 2004 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसमें उन्होंने बताया था कि मंडी किशन दास सराय निवासी चालक हरज्ञान उर्फ ज्ञानी सिंह जाटव के साथ वह ट्रक लेकर पांच नवंबर 2004 को बहजोई मंडी समिति में माल लोड करने गए थे। देर शाम तक ट्रक लोड नहीं होने पर वह अपने घर आ गए। अगले दिन सुबह मंडी समिति में ट्रक के पास ही चालक हरज्ञान की लाश पड़ी मिली। आरोप है कि घटना वाली रात हरज्ञान का बहजोई थाना क्षेत्र के फतेहपुर शरीफ नगर निवासी ट्रक चालक रामकुंवर उर्फ रामकुमार से विवाद हुआ था।

# पत्रकार प्रेस सेवा संगठन'' के दर्जनों पत्रकारों ने राघवेंद्र बाजपेई के समर्थन में निकला कैंडिल मार्च

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। सीतापुर जिले में महोली के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की निर्मम हत्या से पूरे देश के पत्रकारों में भारी रोष व्याप्त है,जिसके विरोध में लखीमपुर खीरी के पत्रकार काफी आक्रोशित हैं।जो लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे है। मंगलवार को पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर केशवापुर चौराहे पर आक्रोशित दर्जनों पत्रकारों ने ''पत्रकार प्रेस सेवा संगठन'' के मंडल अध्यक्ष राकेश वर्मा के नेतृत्व में कस्बे में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी के समर्थन में नारेबाजी करते हुए कैंडिलमार्च निकाला साथी पत्रकार की आत्मा की शांती के लिए दो नेशनल हाईवे पर दो मिनट का मौन रखकर श्रधांजलि दी।मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन थाना हैदराबाद पुलिस को सौंपा गया।ज्ञापन में सरकार से प्रमुख चार मांगो को कहा गया, जिनमें पहली मांग राघवेंद्र बाजपेयी के हत्यारों को जल्द-जल्द गिरफ्तार कर फाँसी की सजा दी जाय।दूसरे परिजनों में एक को सरकारी नौकरी, परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में कम से कम पचास लाख रुपये दिये जायें।साथ ही बच्चों को पूरी शिक्षा निशुल्क दिलाई जाए।साथ ही सरकार पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने की मांग की है।ज्ञापन में कहा गया है कि यदि सरकार पत्रकारों की इन जायज मांगों को नही मानती है तो सभी पत्रकार साथी बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।इस विरोध प्रदर्शन में पत्रकार अनुराग मिश्रा,आलोक तिवारी,पंकज शुक्ला, रामदेव मिश्र, राकेश वर्मा,उमेश अवस्थी,नीरज वर्मा, अजय राठौर,अनूप कुमार,जितेंद्र कुमार, मोनू जायसवाल सहित दर्जनों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

### बाइक सवार महिला आरक्षी से शराबियों ने की अभद्रता

हमीरपुर। छुट्टी में गांव जा रही बाइक सवार महिला आरक्षी व उसके भाई के साथ मुंडेरा बस स्टैंड पर शराबियों ने अभद्रता एवं मारपीट की। छीना झपटी में पीड़िता की चेन गिर गई। सूचना पर पहुंचे सुमेरपुर थानाध्यक्ष ने आरोपितों को हिरासत में लेने का प्रयास किया तो महिलाओं के भिड़ने से पुलिस बैकफुट में आ गई। महिला आरक्षी ने आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी है। महिला आरक्षी रश्मि यादव ने बताया कि वह लखनऊ में तैनात है। होली पर छुट्टी लेकर भाई पवन के साथ बाइक से अपने घर सिसोलर जा रही थी। मुंडेरा बस स्टैंड में शराबियों ने अभद्रता एवं मारपीट की। पुलिस ने जब आरोपितों को पकड़ा तो उसके समर्थन में महिलाएं आ गई। इस पर पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा। सुमेरपुर थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ तहरीर मिली हैं, मामले की जांच की जा रही है।

### आर्थिक तंगी के चलते युवक ने की आत्महत्या

हमीरपुर। थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में बुधवार को आर्थिक तंगी से परेशान एक व्यक्ति ने घर की अटारी में रस्सी के सहारे फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में होली के पर्व से पूर्व मातम छा गया। टेढ़ा ग्राम में रहने वाले श्यामबाबू कुशवाहा उर्फ बच्चू (47) ने बुधवार को घर में अटारी से रस्सी के सहारे फंासी लगा ली। फंदे से लटका शव देशा पत्नी पार्वती और चार बच्चों राहुल (17), विमल किशोर (15), ईशू (12) और जीतू (10) के होश उड़ गए। परिजनों की माने तो लंबे समय से आर्थिक संकट से जूझने और होली के त्यौहार पर घर में खर्च के लिए पैसे न होने पर परेशान होकर आत्महत्या का कदम उठा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। थानेदार सुमेरपुर ने बताया कि एक व्यक्ति ने फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। शव को पोस्टमार्टम भेज दिया गया है।

### किसान की धारदार हथियार से काटकर हत्या

फतेहपुर। जिले के हथगाम थाना क्षेत्र में बुधवार को खेत गये किसान की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर हमलावर फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाच करते हुए हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है। इरादतपुर धामी बड़ी संझिया गांव निवासी रामबरन यादव (53) आज दोपहर को गेंहू के खेत पर पानी लगाने की बात कहकर घर से निकले थे। कुछ देर बाद खेत की ओर गए लोगों ने ट्यूबेल की कमरे के आसपास खून प देखा। पास जाकर देखा तो रामबरन मृत पड़े थे। घटना की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष हथगाम निकेत भारद्वाज ने घटना की जांच करते हुए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र, सीओ पी.के. तिवारी सहित फारेंसिक टीम भी पहुंच गई और साक्ष्य जुटाए। एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि हमलावरों ने धारदार हथियार से किसान के चेहरे, गर्दन और सीने पर जोरदार प्रहार कर हत्या किया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए घटना के सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

### सड़क हादसे में नवविवाहित युवक की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

बिजनौर। बीती देर रात मुरादाबाद मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे ने एक नवविवाहित जोड़े की खुशियों को मातम में बदल दिया। इस दुर्घटना में 25 वर्षीय शाहनवाज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी जीनत गंभीर रूप से घायल है और जिंदगी व मौत के बीच जूझ रही है। जानकारी के मुताबिक, स्योहारा थाना क्षेत्र गांव मधुपुरा निवासी शाहनवाज, पुत्र दिलशाद, अपनी पत्नी जीनत के साथ बाइक से ससुराल सहसपुर देहात जा रहा था। जैसे ही वे सहसपुर के पास पहुंचे, उनकी बाइक लापरवाही से खड़े रोड रोलर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि शाहनवाज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि जीनत को गंभीर चोटें आईं। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रोड रोलर को कब्जे में ले लिया। हालांकि, अब तक पीड़ित परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। शाहनवाज के अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही है। पूरे परिवार में गम का माहौल है। कुछ महीने पहले ही शाहनवाज और जीनत की शादी हुई थी, लेकिन इस भीषण हादसे ने परिवार की खुशियों को गहरे सदमे में डाल दिया।

# जिले में ईआरओ ने की विस स्तर पर राजनीतिक दलों संग बैठक, आयोग के निर्देशों से कराया अवगत

- आयोग ने ईआरओ, डीईओ, सीईओ स्तर पर मांगे राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल तक सुझाव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मा. भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सूचित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है।

इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत कर, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के अन्दर हल करें और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया। उन्होंने बताया कि संविधान और वैधानिक ढ़ांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में यह भी कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है। इस संदर्भ में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर 11 मार्च, 2025 को सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनको भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देशों से अवगत कराते हुए अनुरोध किया गया कि वे बूथ लेवल एजेंट को नियुक्त करते हुए निर्वाचक नामावली में सुधार एवं सुझाव के अनुसार सहयोग प्रदान करें जिससे निर्वाचक नामावली एवं निर्वाचन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की कोई कढ़िनाई न उत्पन्न हो।

## बागपत में मुठभेड़ के बाद नौ टावर चोर गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बागपत। बागपत जनपद की खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद टावर चोर गिरोह के 9 बदमाश पकड़े हैं। पुलिस का कहना है कि ये सभी गाजियाबाद जनपद के रहने वाले हैं। इनके पास से काफी मात्रा में चोरी किया टावर का सामान ओर देशी तमंचे बरामद किये गए हैं। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता करते हुए जानकारी दी है कि खेकड़ा पुलिस और स्वाट टीम ने मिलकर टावर के सामान चोरी करने वाले गिरोह पर सफलता पाई है। गिरोह के नौ सदस्यों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है, जिसमें दो चोर पुलिस की गोली से घायल हुए है। उनके कब्जे से 14 आरआरयू, 5 आरआरयू कवर, 08 बेसबैण्ड प्लेट, 36 बेसबैण्ड फैन (कीमत लगभग एक करोड़ रुपये), 01 शिकंजा धातु लोहा, 02 ब्लेड, 02 चाबी व 01 पाना धातु लोहा व 02 अवैध देशी तमंचा 315 बोर मय 02 जिंदा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर, घटना में प्रयुक्त एक मारुति अर्टिका (बिना नम्बर प्लेट) बरामद हुई है।

# जनपद स्तर पर जनपद के सर्वश्रेष्ठ युवा पुरस्कार से सम्मानित किए गए संदीप व श्रद्धा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। जनपद स्तर पर जनपद के सर्वश्रेष्ठ विवेकानंद यूथ पुरस्कार से संदीप कुमार वर्मा व श्रद्धा दीक्षित को नवाजा गया। दोनों को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की तरफ से 25-25 हजार रुपये प्रदान किए गए। उनको पुरस्कार मिलने पर युवाओं और ग्रामीणों में खुशी है। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुधीर सिंह ने बताया कि विकासखंड कुम्भी गोला की ग्राम पंचायत बेलवा के रहने वाले संदीप कुमार वर्मा युवक मंगल दल के अध्यक्ष हैं। वह वर्ष 2018 से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। वह रक्तदान, पौधारोपण, नशा मुक्ति अभियान, जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता व महिला स्वास्थ्य आदि के प्रति जागरूकता अभियान मैं सहभागिता एवं सहयोग करके जनपद के युवाओं को जागरुक कर रहे हैं। जिसके लिए इन्हें विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा एवं इस बार के स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय समारोह दिल्ली में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया जा चुका है, वहीं मोहम्मदी विकास खंड के शाहपुर राजा गांव के रहने वाली श्रद्धा दीक्षित महिला मंगल दल की अध्यक्ष हैं। वह भी मतदाता जागरूकता, महिला सशक्तिकरण जैसे सामाजिक जागरूकता के लिए कार्य कर रही हैम इन दोनों युवाओं को वर्ष 2024- 25 के लिए चयन समिति के द्वारा चयन किया गया है। जिला युवा कल्याण अधिकारी अनिल कुमार तिवारी ने खुशी जाहिर करते हुए दोनों युवाओं को शुभकामनाएं दी।

# केन्द्र एवं प्रदेश सरकार गरीबों के कल्याण व उत्थान के लिए संकल्पित : स्वतंत्र देव सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी वितरण करने के अवसर पर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की डबल इंजन सरकार गरीबों के कल्याण एवं उत्थान के लिए कृत संकल्पित है। इस योजना से करोड़ों महिलाओं के जीवन में खुशहाली आयी है। उन्होंने कहा कि यह योजना सिर्फ एक योजना ही नहीं बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान व सशक्तिकरण का प्रतीक है। यह योजना महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के साथ उन्हें स्वस्थ व आत्मनिर्भर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

जिला पंचायत सभागार में लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना भारत के गरीब परिवारों की महिलाओं के चेहरों पर खुशी लाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा 01 मई, 2016 को शुरू की गई योजना है। इसके अन्तर्गत गरीब महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन दिए गए हैं। प्रयागराज में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत कुल 5,84,421 गैस कनेक्शन निर्गत हैं। योजना के लाभार्थियों का होली और दिवाली पर निःशुल्क एक-एक एलपीजी सिलेण्डर रिफिल कराया जाता है। बैंक खातें में रिफिल की धनराशि 856 रुपये शासन द्वारा सब्सिडी के रूप में अंतरित की जाएगी। इसमें केन्द्र सरकार द्वारा 348.55 रुपये तथा राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी अंतरण की धनराशि 507.45 रुपये होगी। प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने 10 पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर सब्सिडी का डेमो चेक एवं गंगा जल प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि लखनऊ स्थिति लोकभवन में कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने सब्सिडी वितरित किया है। सभी जिला मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# महाकुम्भ के बाद अब संगम की रेती उगलेगी सोना

- किसानों ने बड़े पैमाने पर शुरू की तरबूज, ककड़ी व खीरा की खेती
- बुवाई का काम शुरू, किसानों पर मेहरबान गंगा मैया भरेंगी झोली, वैज्ञानिक सिखा रहे अधिक उत्पादन की तकनीक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। प्रयागराज में महाकुम्भ के भव्य आयोजन के बाद अब संगम की रेती में नई संभावनाएं जन्म ले रही हैं। जहां करोड़ों श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई, वहीं अब यहां के किसान तरबूज, ककड़ी, खीरे और खरबूजे की फसल से अपनी तकदीर बदलने की तैयारी में हैं। बलुई मिट्टी और गंगा-यमुना के शुद्ध जल से इस क्षेत्र में जायद फसलों की बंपर पैदावार होने की उम्मीद है।

यह जानकारी बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र प्रयागराज द्वितीय के वैज्ञानिक डॉक्टर अनुराग सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि सबसे खास बात यह है कि इस खेती से हजारों स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। सीएम योगी के निर्देश पर इस बार रिकॉर्ड पानी छोड़ा गया है। जिसकी वजह से सिंचाई की कोई समस्या नहीं होने पाएगी। वैज्ञानिकों के अनुसार बलुई मिट्टी इस फसल के लिए सबसे मुफीद है। महाकुम्भ में अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती के बाद अब नए क्षेत्र में संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। बुवाई का काम अब शुरू हो चुका है और किसानों पर मेहरबान गंगा मैया उनकी झोली भरने के लिए तैयार हैं। प्रयागराज के वैज्ञानिक इन किसानों को अधिक उत्पादन की तकनीक भी सीखा रहे हैं।

महाकुम्भ के बाद प्रयागराज के संगम तटों पर स्थानीय किसानों ने बड़े पैमाने पर खेती शुरू कर दी है। गंगा पार, यमुना पार, झूंसी, फाफामऊ और जसरा क्षेत्र में किसानों ने तरबूज, ककड़ी, खीरे और खरबूजे की बुवाई शुरू कर दी है। प्रयागराज के वैज्ञानिक ( उद्यान ) डॉक्टर हिमांशु सिंह के अनुसार यहां की बलुई मिट्टी इस तरह की फसलों के लिए सबसे उपयुक्त होती है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार गंगा, यमुना में रिकॉर्ड मात्रा में पानी छोड़ा गया है। जिससे किसानों को सिंचाई की कोई समस्या नहीं होने पाएगी। जायद फसलों की खेती से न केवल किसानों को फायदा होगा, बल्कि हजारों स्थानीय युवाओं को भी रोजगार मिलेगा। इस फसल से किसान एक महीने में पांच लाख रुपये तक की कमाई कर सकते हैं। डॉक्टर हिमांशु के अनुसार खेती के साथ-साथ पैकेजिंग, ट्रांसपोर्ट और मार्केटिंग के भी नए अवसर खुल रहे हैं। जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।

# रिक्रूटमेंट मैनेजर की खुदकुशी में उसके सास-ससुर और सालियों को राहत नहीं

- हाईकोर्ट ने खारिज की गिरफ्तारी पर रोक और एफआईआर रद्द करने की मांग में दाखिल याचिका

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आगरा में टीसीएस के रिक्रूटमेंट मैनेजर मानव शर्मा की खुदकुशी के मामले में गिरफ्तारी पर रोक और एफआईआर रद्द करने की मांग में दाखिल चारों आरोपितों की याचिका खारिज कर दी है।

मानव की पत्नी निकिता शर्मा समेत चारों याची मानव की आत्महत्या मामले में आरोपित हैं। सभी के खिलाफ आगरा के सदर बाजार थाने में 28 फरवरी को एफआईआर दर्ज हुई है। आगरा की डिफेंस कॉलोनी के निवासी मानव शर्मा ने 24 फरवरी की सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मानव ने वीडियो बनाकर आत्महत्या के लिए पत्नी निकिता शर्मा और उसके मायके वालों को जिम्मेदार ठहराया था। मानव के पिता नरेंद्र कुमार शर्मा ने बेटे की आत्महत्या मामले में उसकी पत्नी निकिता, उसके ससुर नृपेंद्र कुमार शर्मा, सास पूनम शर्मा और उसकी दो सालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 में एफआईआर दर्ज कराई है। आरोपित पत्नी निकिता के पिता नृपेंद्र कुमार शर्मा, मां पूनम शर्मा और दोनों बहनों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान याचियों के अधिवक्ता ने कहा कि याचियों ने कोई अपराध नहीं किया है और उन्हें दुर्भावनापूर्ण इरादे से फंसाया गया है। याची निर्दोष हैं और उन पर लगाए गए आरोप अत्यधिक असंभव और अविश्वसनीय हैं। इसलिए एफआईआर रद्द की जानी चाहिए।

# अयोध्या : श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नई पहल, लगेंगे डिस्प्ले कियोस्क

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- अभी चार स्थानों पर लगेंगे
- मठ मंन्दिरों के खुलने की टाइमिंग से लेकर दूरी तक की देंगे जानकारी



अयोध्या। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक नई पहल शुरू की है। प्रमुख स्थानों पर डिस्प्ले कियोस्क लगाए जाएंगे, जिससे श्रद्धालु राम मंदिर और हनुमानगढ़ी समेत अन्य मठ-मंन्दिरों के खुलने की टाइमिंग से लेकर उनकी दूरी तक आसानी से जान सकेंगे। इस पहल के तहत, चार महत्वपूर्ण जगहों पर डिस्प्ले कियोस्क लगाए जाएंगे, जिनमें रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट शामिल हैं। ये कियोस्क वास्तविक समय के अपडेट और निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करते हुए ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन सम्बंधी जानकारी प्रदान करेंगे।

श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद ने इस परियोजना को लागू करने के लिए काम शुरू कर दिया है। सफलता मिलने पर अन्य स्थानों पर भी डिस्प्ले कियोस्क लगाए जाएंगे। यह परियोजना अयोध्या के श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगी।

इस परियोजना के बारे में बात करते हुए श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के सीईओ संतोष शर्मा ने बताया कि ''हमारा उद्देश्य अयोध्या के श्रद्धालुओं को एक सुविधाजनक और सूचनात्मक अनुभव प्रदान करना है। डिस्प्ले कियोस्क लगाने से श्रद्धालु आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और अपने यात्रा को अधिक सुविधाजनक बना सकेंगे। यह परियोजना अयोध्या के पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा देने में मदद करेगी। डिस्प्ले कियोस्क पर्यटकों को अयोध्या के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे और उन्हें शहर के विभिन्न आकर्षणों के बारे में बताएंगे। योगी सरकार की यह नई पहल अयोध्या के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगी। यह परियोजना शहर के पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा देने में मदद करेगी। एक कियोस्क की ढाई लाख के करीब है।

कियोस्क पर एक टच स्क्रीन इंटरफ़ेस होगा, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक अपनी आवश्यकतानुसार जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कियोस्क पर वॉइस कमांड की सुविधा भी हो सकती है, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक अपनी आवश्यकताओं के अनुसार जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा कियोस्क पर एक क्यूआर कोड स्कैनर भी हो सकता है, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक अपने मोबाइल फोन के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा होगी, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक ऑनलाइन जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कियोस्क पर एक पॉवर बैकअप सिस्टम होगा, जिससे बिजली कटौती की स्थिति में भी कियोस्क संचालित रहेगा। कियोस्क पर एक सुरक्षा सिस्टम होगा, जिससे कियोस्क को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों को रोका जा सकेगा। कियोस्क पर नियमित अपडेट किए जाएंगे, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक को नवीनतम जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

वास्तविक समय के अपडेटः कियोस्क पर वास्तविक समय के अपडेट उपलब्ध होंगे, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक अयोध्या के विभिन्न आकर्षणों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जानकारीः कियोस्क पर अयोध्या के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी उपलब्ध होगी, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक शहर के बारे में अधिक जान सकेंगे।

मठ-मंदिरों की जानकारीः कियोस्क पर मठ-मंदिरों की जानकारी उपलब्ध होगी, जैसे कि उनके खुलने की टाइमिंग, दूरी और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी। निर्बाध कनेक्टिविटी : कियोस्क पर निर्बाध कनेक्टिविटी की सुविधा होगी, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक अपने मोबाइल फोन या अन्य डिवाइस के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। सुविधाजनकः कियोस्क श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक सुविधाजनक साधन होगा, जिससे वे अयोध्या के विभिन्न आकर्षणों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और अपने यात्रा को अधिक सुविधाजनक बना सकेंगे।

# गुजरात जॉइंट्स पर मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी

एजेंसी





मुंबई। हरमनप्रीत कौर की मुश्किल परिस्थितियों में आगे बढ़कर नेतृत्व करने की अद्भुत क्षमता के कारण मुंबई इंडियंस की टीम गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के एलिमिनेटर में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम लीग चरण में सर्वाधिक 10 अंक लेकर पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी है। ऐसे में अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाने के लिए निगाहें भारत की कप्तान हरमनप्रीत और गुजरात जॉइंट्स की कप्तान एशले गार्डनर पर टिकी हैं। यह मैच ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा और मुंबई इंडियंस की टीम घरेलू परिस्थितियों का पूरा लाभ उठाने की कोशिश करेगी। मुंबई ने सोमवार को इसी मैदान पर लीग चरण के मैच में गुजरात को नौ रन से हराया था। इस मैच में हरमनप्रीत ने 33 गेंद पर 54 रन की तूफानी पारी खेली थी। मुंबई इंडियंस के अपनी टीम में किसी तरह का बदलाव करने की संभावना नहीं है। हेली मैथ्यूज ने उन्हें अच्छी शुरुआत दी है और साथ ही अपनी ऑफ स्पिन से विरोधी टीम को परेशान भी किया है। वेस्टइंडीज की इस ऑलराउंडर ने गुजरात के खिलाफ लीग चरण के दोनों मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था और वह फिर से मैच विजेता बन सकती है। गुजरात के खिलाफ पिछले दोनों मैच में उन्होंने तीन-तीन विकेट लिए। मुंबई इंडियंस के लिए बल्लेबाजी में नैट साइवर-ब्रंट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आठ मैच में 416 रन बनाए हैं और वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज है। गुजरात के गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। उन्होंने अपनी गेंदबाजी से भी अच्छा योगदान दिया है। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत इस सत्र में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है लेकिन गुजरात के खिलाफ सोमवार को खेले गए मैच में अर्धशतक बनाने से उनका मनोबल बढ़ा होगा। गुजरात जॉइंट्स की कप्तान गार्डनर इस बात को अच्छी तरह से समझती हैं कि मुंबई को हराना आसान नहीं होगा और उसके लिए उनके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। गार्डनर के लिए यह सत्र अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है। इसके बावजूद वह 235 रन बनाने में सफल रही। मुंबई के खिलाफ पिछले मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाई थी और अब उन पर बड़ा स्कोर बनाने का दबाव होगा। गुजरात की तरफ से बल्लेबाजी में हरलीन देओल ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने विषम परिस्थितियों में अच्छी पारियां खेलकर अपनी टीम को इस मुकाम पर पंहुचाने में अहम भूमिका निभाई है।

टीम इस प्रकार हैं: मुंबई इंडियंस: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नादिन डी क्लर्क, संस्कृति गुप्ता, सैका इशाक, शबनीम इस्माइल, जिन्तिमनी कलिता, जी कमलिनी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, एस. कीर्तन, अमेलिया केर, अक्षिता माहेश्वरी, हेली मैथ्यूज, सजीवन सजना, नैट साइवर-ब्रंट, पारुनिका सिसोदिया, क्लो ट्राईटन।

गुजरात जॉइंट्स: एशले गार्डनर (कप्तान), हरलीन देयोल, डिआंड्रा डॉटिन, भारती फुलमाली, काशवी गौतम, डेनियल गिब्सन, दयालन हेमलता, तनुजा कंवर, मन्नत कश्यप, फोबे लिचफील्ड, मेघना सिंह, बेथ मूनी, प्रकाशिका नाइक, प्रिया मिश्रा, सयाली सतघरे, शबनम शकील, सिमरन शेख, लौरा वोल्वार्डट।

# न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने यॉर्कशायर के साथ 2025 सीजन के लिए करार किया

एजेंसी



लंदन। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के साथ 2025 सीजन के लिए करार किया है। वह टीम के दूसरे काउंटी चैंपियनशिप मैच से पहले इंग्लैंड पहुंचेंगे, जो हेडिंग्ले में वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ खेला जाएगा। 27 वर्षीय सियर्स अपनी तेज गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गए अपने एकमात्र टेस्ट मैच में पांच विकेट लिए थे, जिसमें दूसरी पारी में उन्होंने 4 विकेट के बदले 90 रन देकर प्रभावित किया था। उन्होंने 2021 में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। बेन सियर्स के साथ न्यूजीलैंड के एक अन्य तेज गेंदबाज विल ओ'रूर्के भी यॉर्कशायर टीम में शामिल होंगे, जो इस साल के टी20 ब्लास्ट टूर्नामेंट में खेलेंगे। वहीं, क्लब ने सियर्स की तुलना न्यूजीलैंड के पूर्व यॉर्कशायर खिलाड़ी लॉकी फर्ग्यूसन से भी की है। बेन सियर्स ने अपने चयन पर खुशी जताते हुए कहा,''मैं हेडिंग्ले पहुंचने और टीम के साथ खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। क्लब ने कुछ शानदार साइनिंग्स की हैं और मैं इसमें अपना योगदान देने के लिए तैयार हूं। उन्होंने आगे कहा,''सीजन की अच्छी शुरुआत करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। हमारे शुरुआती चरण में कुछ बड़े मुकाबले हैं, और मैं टीम को बेहतरीन शुरुआत दिलाने के लिए पूरी तरह तैयार हूं। यॉर्कशायर के मुख्य कोच एंथनी मैक्ग्रा ने कहा,''बेन एक शानदार प्रतिभा हैं, जो अपनी गेंदबाजी में अतिरिक्त उछाल ला सकते हैं। सीजन की शुरुआत में जब पिचें हरी या धीमी हो सकती हैं, तब वह विरोधी टीम के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। मैं उनके साथ और उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। वहीं, क्लब के जनरल मैनेजर गेविन हैमिल्टन ने कहा,''बेन जैसे प्रतिभाशाली गेंदबाज को क्लब में शामिल करना यह दर्शाता है कि यॉर्कशायर का आकर्षण दुनियाभर के खिलाड़ियों के लिए बना हुआ है। वह एक रोमांचक प्रतिभा हैं और इस सीजन में टीम के लिए अहम भूमिका निभाएंगे। हम उन्हें अप्रैल में हेडिंग्ले में देखने के लिए उत्सुक हैं।

## स्नोबोर्डर्स ने स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में भारत का खाता खोला

नयी दिल्ली। भारत ने दो स्वर्ण और इतने ही रजत पदक सहित कुल चार पदक जीत कर इटली के तूरिन में खेले जा रहे स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। भारतीय खिलाड़ी मंगलवार को बर्डोनेचिया में आयोजित दिन की एकमात्र पदक प्रतियोगिता स्नोबोर्डिंग में पोडियम पर पहुंचने में सफल रहे। भारती और समीर ने जहां एक-एक स्वर्ण पदक जीता, वहीं हेम चंद और हर्षिता ठाकुर ने नोविस जाइंट स्लैलम फाइनल के अपने-अपने डिवीजन में रजत पदक जीते। इन खेलों में भारत का 49 सदस्यीय दल भाग ले रहा है जिसमें 30 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 19 सदस्य शामिल हैं। इन खेलों के आयोजन का उद्देश्य खेल जगत में समावेशिता और प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना है। इन खेलों में 102 देश के लगभग 1500 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जो आठ खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

## खान मंत्रालय पहली बार अन्वेषण लाइसेंस की नीलामी शुरू करेगा

नई दिल्ली। खान मंत्रालय गुरुवार को गोवा में पहली बार अन्वेषण लाइसेंस (ईएल) की नीलामी शुरू करने जा रहा है। यह देश के अप्रयुक्त महत्वपूर्ण और गहरे खनिज संसाधनों को खोलने की दिशा में सरकार का एक बड़ा सुधारवादी कदम है। केंद्रीय खान मंत्रालय के अनुसार गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों के 5वें चरण पर एक रोड शो और एआई हैकाथॉन 2025 का शुभारंभ भी शामिल होगा, जो ल्लएआई का उपयोग करके खनिज लक्ष्यीकरणङ्क पर केंद्रित एक खनिज अन्वेषण हैकाथॉन है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत शामिल होंगे। एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2023 के अधिनियमन के साथ लिथियम, तांबा, कोबाल्ट, सोना, चांदी, आरईई और पीजीई सहित 29 महत्वपूर्ण और गहरे खनिजों की खोज और पूर्वेक्षण में निजी भागीदारी की अनुमति देने के लिए अन्वेषण लाइसेंस दिए जाने का प्रस्ताव पास किया गया था, जो उक्त अधिनियम की नई सातवीं अनुसूची में सूचीबद्ध हैं।

# संन्यास लेने से पहले रोहित की नजर वनडे विश्व कप खिताब पर होगी: पोंटिंग

एजेंसी




दुबई। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग का मानना है कि रोहित शर्मा अब भी दमदार खिलाड़ी हैं तथा वह 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले वनडे विश्व कप तक भारतीय टीम का नेतृत्व करना जारी रख सकते हैं। रोहित की कप्तानी में भारत ने वनडे विश्व कप को छोड़कर आईसीसी के बाकी टूर्नामेंट जीते हैं। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम 2023 में घरेलू धरती पर खेले गए वनडे विश्व कप को जीतने के करीब पहुंची थी लेकिन फाइनल में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि रोहित अपने भविष्य के लक्ष्यों को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, ''जब आप अपने करियर के इस पड़ाव के करीब पहुंचते हैं तो हर कोई आपके संन्यास लेने का इंतजार कर रहा होता है। मैं नहीं जानता कि ऐसा क्यों होता है। वह भी तब जबकि आप अच्छा खेल रहे हो जैसा कि उन्होंने (चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में) अच्छी पारी खेली थी। पोंटिंग ने कहा, '' मुझे लगता है कि वह उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे और कह रहे थे, नहीं, मैं अब भी काफी अच्छा खेल रहा हूं। मुझे इस टीम में खेलना पसंद है। मुझे इस टीम का नेतृत्व करना पसंद है। पोंटिंग ने कहा, ''मेरे लिए इसका मतलब यह है कि उनके मन में 2027 में होने वाले अगले वनडे विश्व कप में खेलना लक्ष्य होना चाहिए। रोहित ने 2021 में 34 वर्ष की उम्र में भारतीय टीम की कमान संभाली थी। उनके नेतृत्व में भारत ने रविवार को यहां खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इससे पहले भारत ने पिछले साल रोहित की कप्तानी में ही वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित की 83 गेंद पर खेली गई 76 रन की पारी की मदद से आसन जीत हासिल की।

रोहित ने इसके बाद संवाददाता सम्मेलन में संन्यास लेने की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया था। रोहित ने कहा था, ''एक और बात, मैं इस प्रारूप से संन्यास नहीं लेने जा रहा हूं, बस यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि कोई और अफवाह न फैले। पोंटिंग ने कहा कि रोहित के दिमाग में अपने करियर को जारी रखने के पीछे वनडे विश्व कप जीतने की चाहत हो सकती है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि उनके दिमाग में यह बात होगी कि भारत उनकी कप्तानी में पिछले वनडे विश्व कप के फाइनल में हार गया था। वह वनडे विश्व कप जीतने के लिए एक और कोशिश करना चाहते होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएसजी, बार्सिलोना, बायर्न म्यूनिख और इंटर मिलान चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में

**मैड्रिड।** जियानलुइगी डोनारुम्मा के शानदार प्रदर्शन की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लिवरपूल को पेनल्टी शूटआउट में हराकर बार्सिलोना, बायर्न म्यूनिख और इंटर मिलान के साथ चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पीएसजी ने दूसरे चरण के मैच में लिवरपूल को 1-0 से हराकर कुल स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पीएसजी की तरफ से यह महत्वपूर्ण गोल ओस्मान डेम्बेले ने 12वें मिनट में किया। पेनल्टी शूटआउट में डोनारुम्मा ने डार्विन नुनेज़ और कर्टिस जोन्स के पेनल्टी शॉट्स को रोककर अपनी टीम को 4-1 से जीत दिला दी। पीएसजी का अगला मुकाबला एस्टन विला या क्लब ब्रुगे से होगा। बार्सिलोना ने अपने घरेलू मैदान पर रफिन्हा के दो और लैमिन यमल के एक गोल की मदद से बेनफिका को 3-1 हराया। बार्सिलोना ने इस तरह से 4-1 के कुल स्कोर से जीत हासिल की। वह क्वार्टर फाइनल में बोरूसिया डॉर्टमुंड या लिली से खेलेगा।

### दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स को हराकर वेस्टइंडीज मास्टर्स आईएमएल सेमीफाइनल में

**रायपुर।** लेंडल सिमंस के शतक और रवि रामपॉल के पांच विकेट की बदौलत वेस्टइंडीज मास्टर्स ने यहां दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स को 29 रन से हराकर इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वेस्टइंडीज की टीम ने मंगलवार की रात को खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर सिमंस के 108 रन, कप्तान ब्रायन लारा के 34 गेंदों पर 29 रन और चैडविक वाल्टन के नाबाद 38 रन की मदद से पांच पर 200 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम आठ विकेट पर 171 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से जॉक कैलिस ने 45, रिचर्ड लेवी ने 44 और जैक्स रूडोल्फ ने 39 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से रामपॉल ने 26 रन देकर पांच विकेट लिए। वेस्टइंडीज की पारी का आकर्षण सिमंस का शतक रहा जिसके लिए उन्होंने 59 गेंद खेली तथा 13 चौके और पांच छक्के लगाए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से गार्नेट क्रूगर और मखाया एंटिनी ने दो-दो विकेट लिए।

### एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिए ट्रायल्स 15 मार्च को दिल्ली में

**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के रूप में अपनी स्थिति बहाल होने के बाद बुधवार को घोषणा की कि आगामी एशियाई चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल 15 मार्च को दिल्ली के इंदिरा गांधी खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। यह डब्ल्यूएफआई के नए प्रशासन की देखरेख में पहला चयन ट्रायल होगा। डब्ल्यूएफआई के नए पदाधिकारियों को चुनने के लिए 21 दिसंबर 2023 को चुनाव होने के तीन दिन बाद इसे निलंबित कर दिया गया था। एशियाई चैंपियनशिप 25 से 30 मार्च के बीच जॉर्डन के अम्मान में आयोजित की जाएगी। इसमें भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों का चयन करने के लिए ही ट्रायल्स होंगे। डब्ल्यूएफआई के परिपत्र के अनुसार सभी श्रेणियों पुरुषों की फ्रीस्टाइल, महिलाओं की कुश्ती और ग्रीको रोमन शैली के लिए वजन ट्रायल्स के दिन ही होंगे और सभी प्रतिभागियों को वजन में दो किलो की छूट दी जाएगी। खेल मंत्रालय ने मंगलवार को डब्ल्यूएफआई का निलंबन हटा दिया था जिसके बाद प्रतियोगिताओं में भाग लेने का रास्ता साफ हो गया।

### मध्यप्रदेश सरकार ने 2025-26 के लिए 4.21 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने बुधवार को 2025-26 के लिए 4.21 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें कोई नया कर नहीं लगाया गया है, जबकि धार्मिक स्थलों के विकास के लिए नई योजनाओं की घोषणा की गई है। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने यहां विधानसभा में 4,21,032 करोड़ रुपये का बजट पेश किया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने राजकोषीय घाटे का अनुमान सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 4.66 प्रतिशत लगाया। उन्होंने कहा कि बजट 'विकसित मध्यप्रदेश' के लिए है। वित्त मंत्री ने कहा कि अन्य चीजों के अलावा, 'ओंकारेश्वर लोक' को उज्जैन के महाकाल लोक गलियारे की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। उन्होंने अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के लिए योजनाओं के लिए 47,296 करोड़ रुपये और अनुसूचित जातियों (एससी) के लिए 32,633 करोड़ रुपये आवंटित किए। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के लिए 18,669 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। राज्य के उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने श्रीकृष्ण पाथेय योजना के लिए 10 करोड़ रुपये के प्रावधान की भी घोषणा की।

### स्वेलेक्ट एनर्जी सिस्टम्स को 150 मेगावाट के सौर मॉड्यूल का ऑर्डर मिला

**नयी दिल्ली।** सौर ऊर्ज़ा समाधान प्रदाता स्वेलेक्ट एनर्जी सिस्टम्स को 150 मेगावाट से अधिक सौर मॉड्यूल का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने बुधवार को बताया कि उसने अपने विस्तार के लिए गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के माध्यम से 290 करोड़ रुपये भी जुटाए हैं। स्वेलेक्ट एनर्जी ने बयान में कहा कि उसने अपने उच्च दक्षता वाले टॉपकॉन द्वि-मुखीय सौर पीवी मॉड्यूल के लिए 150 मेगावाट से अधिक के ऑर्डर प्राप्त किए हैं। ये ऑर्डर स्वेलेक्ट के प्रौद्योगिकी नेतृत्व और सौर ऊर्ज़ा बाजार में इसके भरोसे को रेखांकित करते हैं। इसमें कहा गया है कि स्वेलेक्ट ग्रुप ने निजी नियोजन के आधार पर जारी गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के जरिए इंडिया इंफ्राडेट लिमिटेड से 290 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सौर ऊर्ज़ा उत्पादन परिसंपत्तियों के एक हिस्से के विरुद्ध सुरक्षित इस रणनीतिक कदम से 260 करोड़ रुपये की नकदी संपार्श्विक राशि प्राप्त हुई है। स्वेलेक्ट एनर्जी सिस्टम्स के प्रबंध निदेशक आर चेल्लप्पन ने कहा, उद्योग से 150 मेगावाट से अधिक टॉपकॉन मॉड्यूल ऑर्डर प्राप्त करना गुणवत्ता और नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का समर्थन है।

## राष्ट्रीय आवास बैंक ने देश में आवास के रुझान और प्रगति पर रिपोर्ट जारी की


नई दिल्ली। केन्द्र सरकार के अधीनस्थ एक सांविधिक निकाय राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) ने राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम 1987 की धारा 42 के प्रावधानों के अनुसरण में देश में आवास की प्रवृत्ति और प्रगति 2024 पर एक रिपोर्ट जारी की है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अनुसार इस रिपोर्ट में आवास परिदृश्य और घर की कीमतों में उतार-चढ़ाव, आवास क्षेत्र पर भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम, आवास ऋण प्रदान करने में प्राथमिक ऋण संस्थानों (पीएलआई) की भूमिका, आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) का प्रदर्शन और क्षेत्र के लिए दृष्टिकोण को व्यापक रूप से शामिल किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार 30 सितंबर 2024 तक बकाया व्यक्तिगत आवास ऋण ?33.53 लाख करोड़ था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 14 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। 30 सितंबर 2024 तक बकाया व्यक्तिगत आवास ऋणों में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी का हिस्सा 39 फीसदी, एमआईजी का हिस्सा 44 फीसदी और एचआईजी का हिस्सा 17 फीसदी था। 30 सितंबर 2024 को समाप्त छमाही के दौरान व्यक्तिगत आवास ऋण संवितरण ?4.10 लाख करोड़ था, जबकि 31-03-2024 को समाप्त वर्ष के दौरान संवितरण ?9.07 लाख करोड़ था। सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए आवास मूल्य सूचकांक ने पिछले वर्ष के 4.9 फीसदी की तुलना में 6.8 फीसद की वार्षिक वृद्धि दर्ज की। रिपोर्ट में भारत सरकार की प्रमुख पहलों जैसे कि पीएमएवाई-जी, पीएमएवाई-यू, पीएमएवाई-यू का प्रभाव मूल्यांकन, शहरी अवसंरचना विकास निधि (यूआईडीएफ), किफायती किराया आवास परिसर (एआरएचसी) योजना आदि को शामिल किया गया है। रिपोर्ट में ऋण प्रवाह में क्षेत्रीय असमानताओं और जलवायु संबंधी जोखिमों के प्रति संवेदनशीलता की पहचान की गई है, जो इस क्षेत्र द्वारा संबोधित की जाने वाली कुछ प्रमुख चुनौतियों में से हैं। यह निर्माण में तकनीकी प्रगति, भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण आदि को भी कुछ ऐसे कारकों के रूप में पहचानता है, जो इस क्षेत्र के लिए विकास के अवसरों को सुविधाजनक बनाएंगे। पीएमएवाई 2.0, शहरीकरण, पारगमन-उन्मुख विकास, डिजिटलीकरण और अन्य कारकों पर बजट घोषणाओं से प्रेरित आवास क्षेत्र के लिए दृष्टिकोण आशाजनक बना हुआ है।

## क्रिजैक लिमिटेड को 1000 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

नई दिल्ली। कोलकाता स्थित अग्रणी छात्र भर्ती समाधान प्रदाता क्रिजैक लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। कंपनी की योजना इस इश्यू के जरिए 1000 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी ने 18 नवंबर, 2024 को सेबी के समक्ष अपने आईपीओ के कागजात फिर से दाखिल किए थे। यह आईपीओ पूरी तरह से प्रमोटरों पिंकी अग्रवाल और मनीष अग्रवाल के बिक्री के लिए प्रस्ताव (ओएफएस) के रूप में होगा। इसमें कोई फ्रेश इश्यू शामिल नहीं होगा। क्रिजैक लिमिटेड का 2 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाला यह आईपीओ पूरी तरह से प्रमोटर द्वारा शेयरधारकों को बेचने वाले 1,000 करोड़ रुपये तक की बिक्री का प्रस्ताव है। बिक्री के प्रस्ताव में पिंकी अग्रवाल द्वारा 841 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों और मनीष अग्रवाल द्वारा 159 करोड़ रुपये तक की बिक्री शामिल है। इस प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए आरक्षण शामिल है। कोलकाता स्थित छात्र भर्ती समाधान प्रदाता क्रिजैक लिमिटेड एजेंटों और उच्च शिक्षा के वैश्विक संस्थानों के लिए एक बी2बी शिक्षा प्लेटफ़ॉर्म है। ये कंपनी यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, आयरलैंड गणराज्य, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में उच्च शिक्षा के वैश्विक संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय छात्र भर्ती समाधान प्रदान करता है। इसका भारत में एक आधार के साथ-साथ लंदन, यूनाइटेड किंगडम में सह-प्राथमिक संचालन भी है। इसके अलावा इसके कैमरून, चीन, घाना और केन्या सहित कई देशों में सलाहकार हैं।

# अगले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था : मूडीज

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर अगले वित्त वर्ष (2025-26) में 6.5 प्रतिशत से अधिक रहेगी। मूडीज रेटिंग्स ने यह अनुमान लगाया है। चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। मूडीज ने बुधवार को कहा कि उच्च सरकारी पूंजीगत व्यय और कर कटौती तथा ब्याज दर में कमी से उपभोग बढ़ने से अगले वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था अधिक तेज रफ्तार से बढ़ेगी। बैंकिंग क्षेत्र के लिए स्थिर परिदृश्य का अनुमान लगाते हुए मूडीज ने कहा कि हालांकि अगले वित्त वर्ष में भारतीय बैंकों का परिचालन वातावरण अनुकूल बना रहेगा, लेकिन हाल के वर्षों में पर्याप्त सुधार के बाद उनकी परिसंपत्ति की गुणवत्ता में मामूली गिरावट आएगी तथा बिना गारंटी वाला खुदरा ऋण, सूक्ष्म वित्त ऋण और छोटी कारोबारी ऋण पर कुछ दबाव रहेगा। बैंकों की लाभप्रदता पर्याप्त बनी रहेगी क्योंकि मामूली दरों में कटौती के बीच शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में गिरावट मामूली रहने की संभावना है। मूडीज ने कहा कि 2024 के मध्य में एक अस्थायी नरमी के बाद, भारत की आर्थिक वृद्धि में फिर से तेजी आने की उम्मीद है और यह वैश्विक स्तर पर बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज दरों में से एक दर्ज करेगी। मूडीज रेटिंग ने कहा, सरकारी पूंजीगत व्यय, उपभोग को बढ़ावा देने के लिए मध्यम वर्गीय आय समूहों के लिए कर कटौती और मौद्रिक सुगमता से भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। इसके चालू वित्त वर्ष में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में अगले वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.3-6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहेगी। जुलाई-सितंबर 2024 की तिमाही में देश की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर धीमी होकर 5.6 प्रतिशत रह गई, जो अगली तिमाही में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई। मूडीज को उम्मीद है कि भारत की औसत मुद्रास्फीति दर पिछले वर्ष के 4.8 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2025-26 में 4.5 प्रतिशत रह जाएगी।

# सर्राफा बाजार में गिरावट से सस्ता हुआ सोना, चांदी का भाव भी टूटा

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में बुधवार को गिरावट का रुख बना हुआ है। सोना आज 320 रुपये से लेकर 350 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इसी तरह चांदी भी आज 1 हजार रुपये किलोग्राम तक कमजोर हुई है। भाव में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,480 रुपये से लेकर 87,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,190 रुपये से लेकर 80,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। कीमत में गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी भी आज 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,530 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,480 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 87,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 80,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 87,530 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 80,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 87,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 87,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 80,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना: पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सााई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# केन्द्र एवं प्रदेश सरकार गरीबों के कल्याण व उत्थान के लिये संकल्पित : स्वतंत्र देव

■ प्रभारी मंत्री ने पात्र 10 लाभार्थियों को सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक व गंगा जल प्रदान किया

■ मुख्यमंत्री की लोकभवन में आयोजित प्रधानमंत्री उज्ज्वला से

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। लखनऊ, लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में आयोजित प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत आच्छादित लाभार्थियों के होली के शुभ अवसर पर निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी कार्यक्रम का जिला पंचायत सभागार प्रयागराज में सजीव प्रसारण किया गया। प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने 10 पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर सब्सिडी का डेमो चेक एवं गंगा जल प्रदान किया।

मुख्यमंत्री द्वारा उप्र के उज्ज्वला योजना के तहत 1 करोड 86 लाख पात्र परिवारों के लिये होली के शुभ अवसर पर मुफ्त सिलिंडर रिफिल हेतु 1890 करोड सब्सिडी की धनराशि का अन्तरण किया गया। जिसमें प्रयागराज के 5.84 लाख परिवार भी शामिल हैं। जिला पंचायत सभागार में लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की डबल इंजन सरकार गरीबों के कल्याण एवं उत्थान के लिए कृत संकल्पित है। इस योजना से करोड़ों महिलाओं के जीवन में खुशहाली आयी है। उन्होंने कहा कि यह योजना सिर्फ एक योजना ही नहीं बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान व सशक्तिकरण का प्रतीक है। यह योजना महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के साथ उन्हें स्वस्थ व आत्मनिर्भर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना भारत के गरीब परिवारों की महिलाओं के चेहरों पर खुशी लाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा 01 मई, 2016 को शुरू की गई योजना है। इसके अन्तर्गत गरीब महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन दिये जा रहे हैं। प्रयागराज में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत कुल 5,84,421 गैस कनेक्शन निर्गत हैं। योजना के लाभार्थियों को क्रमशः 2 निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल दीपावली एवं होली पर्व पर प्रदान किया जाता है। बैंक खातें में रिफिल की धनराशि रूपये 856 शासन द्वारा सब्सिडी के रूप में अंतरित की जायेगी। जिसमें से केन्द्र सरकार द्वारा 348.55 रूपये तथा राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी अंतरण की धनराशि 507.45 रूपये होगी। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से आच्छादित लाभार्थी गैस एजेंसी से सम्पर्क करके जानकारी कर सकते हैं कि उनका आधार प्रमाणीकरण हुआ है अथवा नहीं है। यदि नहीं हुआ है, तो सम्बन्धित गैस एजेंसी पर ई-केवाईसी के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण करा सकते हैं। जिन लाभार्थियों का आधार उनके बैंक खातों में लिंक नहीं है, वे बैंक से सम्पर्क कर अपना आधार खाते से लिंक (एनपीसीआई) कराकर निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल योजना का लाभ ले सकते हैं। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 बीके सिंह, महापौर गणेश केसरवानी, विधायकगण, विधान परिषद सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने मंत्री व जनप्रतिनिधियों का स्वागत एवं मुख्य विकास अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



# रंग चिकित्सा पद्धति से संभव है बीमारियों का इलाज : सतीश राय



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। एसकेआर योग एवं रेकी शोध प्रशिक्षण और प्राकृतिक संस्थान, मधुबन बिहार स्थित प्रयागराज रेकी सेंटर पर जाने-माने स्पर्श चिकित्सक सतीश राय ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा भारत में प्रमुख प्राकृतिक उपचार पद्धतियों में रंग चिकित्सा का भी नाम है। इसलिए होली सभी को खेलनी चाहिए। मिस्त्र देश में प्रचलित चिकित्सा पद्वति क्रोमो थेरेपी और हेलियो थेरेपी में रंग और प्रकाश का इस्तेमाल कर बीमारियों का इलाज किया जाता है।

सूर्य की किरणों में भी है सात रंगसतीश राय ने कहा कि हजारों वर्ष पूर्व महर्षि चरक भी सूर्य की रोशनी में कई बीमारियों का इलाज करते थे। सूर्य किरणों में सात रंग हैं। बारिश के मौसम में जब बिजली चमकती है उस समय इंद्रधनुष में इन सात रंगों को अपनी आंखों से देख सकते हैं। हमारे शरीर में भी मुख्य सात चक्र (सहस्त्रार, आज्ञा, कंठ, हृदय, मणिपुर, स्वाधिष्ठान एवं मूलाधार चक्र) होते हैं। इन चक्रों के रंग भी क्रमशः बैगनी, नीला, आसमानी, हरा, पीला, नारंगी और लाल रंग होते हैं। चक्रों का रंग सूर्य के किरणों से मेल खाता है। इसलिए सूरज की रोशनी हमें एनर्जी देते हैं। पेट की समस्या को ठीक करता है पीला रंगसतीश राय ने कहा कि रंग चिकित्सा में यह माना जाता है कि शरीर के जिस चक्र में रंग की कमी हो जाती है उससे सम्बंधित अंगों में रोग उत्पन्न होता है। यदि किसी तरह उसे रंग की कमी को दूर कर दिया जाए तो रोग भी ठीक हो जाएगा। रंग चिकित्सा इसी पर आधारित है। जैसे किसी के पेट में प्रॉब्लम है तो उसका मणिपुर चक्र कमजोर है और उसके शरीर में पीले रंग की कमी है। उस रंग से सम्बंधित फल सब्जी का ज्यादा इस्तेमाल करें और पीले रंग का कपड़ा पहनने से भी लाभ होगा। पीला रंग हारमोंस में वृद्धि भी करता है, यह पाचन क्रिया को भी ठीक करता है, इससे पेट के रोगों में लाभ होता है। कलर थेरेपी का जीवन में जाने अनजाने होता हैं रोज उपयोगउन्होंने कहा कि शरीर में जिन रंगों की कमी होती है व्यक्ति इस रंग की तरफ ज्यादा आकर्षित होता है। रोजमर्रा की जिंदगी में जाने अनजाने हम अक्सर कलर थैरेपी का इस्तेमाल करते हैं। जैसे अलग-अलग रंगों के फल सब्जी खा-पी रहे हैं, कपड़े पहन रहे हैं। उससे हमें अलग-अलग तरह की एनर्जी रोज मिल रही है। रंगों की हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिकासतीश राय ने बताया कि शरीर पर रंग लगने के कई फायदे हैं। इससे शरीर और मन दोनों स्वस्थ एवं शांत होते हैं। रंगों के इस्तेमाल से डिप्रेशन और तनाव जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। हरा रंग डिप्रेशन में लाभ देता है। रंग हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बृहस्पतिवार को पीले रंग के कपड़े पहनने से अपने बृहस्पति ग्रह को मजबूत बनाते हैं। अक्सर लोग विशेष मौकों पर कोई खास रंग के कपड़े पहनना पसंद करते हैं। रंग खेलने के भी हैं फायदेसतीश राय ने कहा कि हमारे त्योहार शरीर को निरोग रखने में सहायक होते हैं। होली पर सबको रंग खेलना चाहिए, इसके कई फायदे हैं। लाल रंग से कफ रोग ठीक होता है, इससे मानसिक रोग और सिर दर्द में भी आराम मिलता है। नारंगी रंग से मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। पीला रंग से पाचन संबंधित समस्याएं दूर होती है। हरा रंग मन को प्रसन्न करता है। आसमानी रंग शीतलता प्रदान करता है। दमा में भी इससे लाभ मिलता है। नीला रंग शांति प्रदान करता है। अमाशय अंडकोष और गर्मी के सभी रोगों को नष्ट करता है।

# फोरलेन बनाने के लिए एनएचएआई ने पीडब्ल्यूडी को दिए 55 करोड़

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मुरादाबाद। पीडब्ल्यूडी ने मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा मार्ग को फोरलेन बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस मामले में स्थानीय अधिकारियों ने लखनऊ मुख्यालय को पत्र भेजा है। मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा मार्ग 48 किलोमीटर है। इनमें 28 किमी सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी और 20 किमी बाईपास का निर्माण एनएचएआई करा रही है। पीडब्ल्यूडी को केंद्र सरकार से कुल 55 करोड़ रुपये मिले हैं। मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा के 48 किलोमीटर लंबे मार्ग को फोरलेन करने और उसकी मरम्मत करने की जिम्मेदारी एनएचएआई ने ली थी। इस मार्ग का निर्माण कराने के लिए एनएचएआई की कार्यदायी संस्था ने हजारों पेड़ कटवाए, लेकिन निर्माण कार्यों में तेजी नहीं आ सकी। ऐसे में केंद्र और प्रदेश सरकार के अधिकारियों ने फोरलेन के 28 किलोमीटर हिस्से को पीडब्ल्यूडी से कराने का निर्णय लिया। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने शर्त रखी कि एनएचएआई गड्ढों की पैचिंग करेगी तो विभाग सड़क का निर्माण कराएगा। एनएचएआई ने पौने चार करोड़ खर्च कर पैचिंग का काम कराया। इसके बाद सड़क पीडब्ल्यूडी को सुपुर्द कर दिया। एनएचएआई ने पहले मुरादाबाद-बिजना तक छह किलोमीटर सड़क निर्माण कराने के लिए पीडब्ल्यूडी को 11 करोड़ रुपये दिए थे। इसके बाद पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता एके सिंह ने 22 किलोमीटर रोड को फोरलेन कराने के लिए पिछले माह 44.12 करोड़ का प्रस्ताव एनएचएआई के परियोजना निदेशक अरविंद कुमार को भेजा था।

# चीनी, रिफाइंड के बढ़ते दाम से फीके पड़ते पकवान, त्योहारों के चलते आई तेजी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। होली के त्योहार को रंगों के साथ-साथ पकवान के लिए भी जाना जाता है। घर आये मेहमानों के लिए शक्कर से बने और रिफाइंड में तले गुझिया, शक्करपारे, रसगुल्ले और भी कई तरह की मिठाइयां बनाकर मेहमानों को दी जाती हैं लेकिन बढ़ती हुई महंगाई के चलते इस बार पकवान फीके दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि शक्कर (चीनी) और रिफाइंड के दाम अचानक तेजी आ गई है। चीनी 47 से 49 रुपये प्रति किलो और रिफाइंड 155 से 160 प्रति लीटर बिक रहा है। दुकानदारों की माने तो रमजान, होली और फिर ईद को लेकर एकाएक बाजार में उछाल आया है। भाई चारे और एकता का प्रतीक माने जाने वाला त्योहार होली नजदीक आ गया है। ऐसे में लोग अपने घरों में होली खेलने आने वाले मेहमानों को स्वादिष्ट पकवान बनाकर खिलाने की तैयारी में जुट गये हैं। वहीं रमजान के पाक महीना भी चल रहा है, जिसमें रोजेदार शाम के समय नमकीन और मीठे व्यंजनों के साथ रोजा खोलते हैं। इससे चीनी और खासकर रिफाइंड की मांग बढ़ गई तो वहीं दामों में भी बढ़ोतरी हो गई। अब लोगों को जेब अधिक ढीली करनी पड़ रही है जिसका असर पकवान पर पड़ना स्वाभाविक है। थोक व्यापारी रवि गुप्ता ने बताया कि दो महीने पहले चीनी 4200 रुपये प्रति क्विंटल बिक रही थी लेकिन त्योहारों के चलते चीनी के दामों में एकदम से उछाल आया और अब 4500 रुपये क्विंटल तक पहुंच गई है। वहीं रिफाइंड आयल पहले 125 से 130 रुपए प्रति लीटर था जो अब 152 रुपये प्रति लीटर में बिक रहा है। वहीं फुटकर दुकानदार हरिओम ने बताया कि दो महीने पहले चीनी 4200 प्रति क्विंटल लेकर आते थे और फुटकर में 100 ग्राम से लेकर पांच किलो तक 43 से 44 रूपये किलो तक बेचते थे। जिसमें कोई खास फायदा नहीं होता था पर मुनाफ़े के तौर पर चीनी का खाली होने वाली बोरी बारदाने के रुप में बच जाती थी, लेकिन अब वही चीनी 4500 क्विंटल बिक रही है। जिसे हम फुटकर में 47 से 48 किलो तक बेच रहे हैं। इसी तरह से रिफाइंड आयल 125 से 130 रुपये प्रति लीटर खरीदकर फुटकर में 135 से 140 रुपये प्रति लीटर बेचते थे लेकिन त्योहारों के चलते थोक में 152 रुपये प्रति लीटर खरीदकर 155 से 160 रुपए प्रति लीटर बेच रहे हैं। ऐसे में बढ़ती हुई महंगाई को लेकर ग्राहकों की नाराजगी भी झेलनी पड़ रही है।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर

**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस(से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उप्र)


# मीरजापुर की अदिति को राष्ट्रपति से स्वर्ण पदक, क्षेत्र में खुशी की लहर



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मीरजापुर। जिले के अहमलपुर गांव की बेटी अदिति पाण्डेय ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया है। पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया। अदिति प्रतिष्ठित स्व. हरिनारायण पाण्डेय (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष) की पौत्री और भाजपा जिला महामंत्री रविशंकर पाण्डेय की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, गांव और जिले में हर्ष का माहौल है। परिजनों और क्षेत्रवासियों ने अदिति की मेहनत की सराहना करते हुए इसे पूरे समाज के लिए गर्व का क्षण बताया। लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इस उपलब्धि को मीरजापुर के लिए गौरवपूर्ण बताया।

# फिरोजाबादः प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से 2 लाख 33 हजार 322 लाभार्थियों को मिलेगा लाभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



फिरोजाबाद। जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत कुल 2 लाख 33 हजार 322 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा। महापौर कामिनी राठौर ने बुधवार को इस योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महापौर कामिनी राठौर ने कहा कि शासन प्रशासन का उद्देश्य है कि समाज के सभी तबकों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित करते हुए उनके जीवन में उत्पन्न समस्याओं को दूर किया जाए। इसी विचार के तहत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1890 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवार को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण लाभार्थियों की उपस्थिति में देखा गया। जनपद में इस योजना के कुल लाभार्थियों की संख्या 2 लाख 33 हजार 322 है। इस मौके पर महापौर ने लाभार्थी नन्नी देवी, रूबी बेगम, नीरज, पिंकी देवी, बबली, बबीता, सुरजमुखी, मार्गश्री, सुनीता देवी, मीरेश देवी, पुष्पा देवी, अनीता देवी, पिंकी, सोनी, कमला देवी, फिजा, नूरजा बेगम, इमराना हुस्नबानो, इमराना, सबाना आयशा, इशरत नगीना आदि को चेक वितरण किया।कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा एवं उज्ज्वला के नोडल अधिकारी मोहम्मद वसीम, जिला पूर्ति अधिकारी स्वीटी सिंह सहित योजना की महिला लाभार्थी उपस्थित रहीं।

# रंगभरी एकादशी पर मंदिर प्रशासन के दबाव में ढक कर गयी रजत पालकी

■ महंत आवास से परंपरागत पालकी यात्रा के समय में अचानक परिवर्तन और पालकी के ढके होने पर महंत परिवार ने कारण बताया



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ के गौना उत्सव (रंगभरी एकादशी) के मौके पर मंदिर के पूर्व महंत परिवार और मंदिर प्रशासन के बीच विवाद गहरा गया है। मंदिर के पूर्व महंत स्व.डॉ कुलपति तिवारी के पुत्र पंडित वाचस्पति तिवारी ने बुधवार को टेढ़ीनीम स्थित अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में पूरी घटना का सिलसिलेवार विवरण दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने अचानक 168 बी की नोटिस जारी कर महंत आवास पर परंपरागत पालकी यात्रा और उत्सव को रोकने का प्रयास किया। इस नोटिस में मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति के निधन के बाद परंपरा को न मानने का आदेश दिया गया, जिससे भक्तों में आक्रोश व्याप्त हो गया। महंत तिवारी के अनुसार, इस विशिष्ट आयोजन में हर साल बाबा के भक्त सक्रिय रूप से बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं, लेकिन नोटिस के बाद मंदिर प्रशासन पर दबाव बढ़ा और फिर एक साजिश के तहत बाबा की पालकी को जमीन पर रखवा दिया गया। इसके बाद काशी के जनप्रतिनिधियों, मंदिर प्रशासन, वाराणसी मण्डल और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई, लेकिन इस परंपरागत पालकी यात्रा पर कोई स्पष्ट निर्णय नहीं हो पाया। महंत ने बताया कि रविवार रात महादेव के ससुराल आगमन के लोकाचार के दौरान महंत आवास पर बाबा के भक्तों की मौजूदगी के बाद देर रात मंदिर प्रशासन ने महंत परिवार पर अनैतिक दबाव बनाया। मंदिर प्रशासन ने कहा कि अगर महंत परिवार इस परंपरा को जारी रखता है, तो मंदिर प्रशासन बाबा की प्रतिमा को सीज कर देगा और महंत परिवार को उनके घर से निकलने नहीं दिया जाएगा। मंदिर प्रशासन ने यह भी धमकी दी कि संकरी गलियों में लाखों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र होंगे, और अगर कोई दुर्घटना होती है, तो उसका जिम्मेदार महंत परिवार और श्रद्धालु ही होंगे। महंत तिवारी ने आरोप लगाया कि मंदिर प्रशासन ने काशी की प्राचीन परंपरा को दरकिनार करते हुए बाबा की पालकी को गर्भगृह में स्थापित करने के बजाय कहा कि परिसर में जगह उपलब्ध कराया जाएगा। जहां से आप श्रद्धालुओं सहित अपने समय पर सभी लोकाचार को पूरा करेंगे। प्रशासन को बताया गया कि महंत आवास में गौना के लोकाचार के बाद पालकी को सिर्फ गर्भगृह में ही परंपरागत पालकी पर विराजमान कराकर आरती की जाती है। इस पर मंदिर प्रशासन ने दबाव बनाया कि प्रतिमा आप मंदिर लाकर लोकाचार पूरा करें। श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन करायें। वहीं से पालकी गर्भगृह में स्थापित करने पर सहमति बनी। मंहत वाचस्प?ति के अनुसार विदाई लोकाचार के बाद प्रतिमा को गर्भगृह के अलावा और कही नहीं रखा जा सकता। इसलिए बाबा की प्रतिमा ढक कर ले जाई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर परिसर में प्रशासन ने परंपरागत प्रतिमा तक श्रद्धालुओं को आने नहीं दिया। मंदिर के शंकराचार्य चौक पर मन्दिर प्रशासन ने परंपरागत प्रतिमा रखने का भ्रम फैलाया।

मंदिर पहुंचने पर महादेव की पालकी को जमीन पर रख धार्मिक आस्था पर प्रहार किया गया। काशी की परंपरा के साथ हुए इस छल का पूरा-पूरा दायित्व काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन और पुलिस का है। उन्होंने बताया कि महंत आवास से प्रतिमा को मंदिर लाकर रख तो दिया गया । लेकिन मंदिर की ओर दूसरी प्रतिमा को गर्भगृह में भेजा गया। जब पालकी उठाकर गर्भगृह तक जाने की बारी आई तो मंदिर के अधिकारियों ने महंत आवास से गई प्रतिभा को अनदेखा किया और षड्यंत्र के तहत सुरक्षा कर्मियों की भीड़ में पालकी को गर्भगृह की तरफ जाने से रोकने का प्रयास किया।

# होलीः फरसा एवं त्रिशूल की पिचकारियों के साथ रंग व गुलाल से सजा बाजार




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। सामाजिक सौहार्द व रंगों का त्योहार होली नजदीक आ गई। लोग घरों में तैयारियों में भी जुट गये हैं। वहीं बाजार रंग व गुलाल के साथ तमाम तरह की पिचकारियों से गुलजार है। पिचकारियों में पुष्पा के फरसे और महादेव के त्रिशूल जैसी दिखने वाली पिचकारी की खासकर बच्चों में जमकर मांग है। यही नहीं इस बार खास बात यह भी है कि पटाखों में भरे रंग बाजार की शोभा बढ़ा रहे हैं, जो दगते ही रंग व गुलाल बरसाएंगे। यह सब प्रोडक्ट दिल्ली मेड प्रोडक्ट बताए जा रहे हैं। जिसने बाजार पर पकड़ बना रखी है। इसके अलावा नन्हे-मुन्हों को रंगकर रील्स बनाने वालों के लिए कलर किट भी बाजार में मौजूद है। होली का त्योहार नजदीक आते ही सभी जगहों पर पिचकारियों व रंगों का बाजार गुलजार हो जाता है, लेकिन कानपुर का बाजार कुछ अलग ही है। एक तो यहां से आसपास के जनपदों में सप्लाई थोक में होती है। दूसरा कानपुर ही एक ऐसा शहर है जहां पर होली गंगा मेला तक मनाई जाती है। ऐसे में इन दिनों बाजार में तरह-तरह की पिचकारियां, रंग एवं गुलाल लोगों को अपनी ओर अनायास खींच रहे हैं। खुशी-खुशी लोग जमकर खरीदारी भी कर रहे हैं। सबसे अधिक बच्चों को अबकी बार पुष्पा के फरसे और महादेव के त्रिशूल जैसी दिखने वाली पिचकारी पसंद आ रही हैं। बताते चलें कि शहर में पिचकारियों और रंगों के लिए मेस्टन रोड बड़ा बाजार है। थोक और फुटकर विक्रेता आरिफ ने बुधवार को बताया कि इस बार फायर स्मोक और हैंड स्मोक बारूद वाले पटाखे व बम लोकप्रिय हैं। इनकी जबरदस्त मांग है जो तीन सौ से लेकर सात सौ रुपए तक में बिक रहे हैं। इनको फोड़ने पर सूखा रंग व गुलाल लोगों के ऊपर बरसेगा जो अलग ही दिखेगा। वहीं पिचकारी विक्रेता रईस ने बताया कि होली पर लोगों को धोखे से रंगने वाले आइटमों की मांग होती है। इस बार फायर सिलेंडर के रुप में पिचकारी आई है। दिखने में यह फायर सिलेंडर जैसी है। सिलेंडर 550 रुपये से 850 रुपये के बीच है। इसमें सूखा गुलाल और रंग भरा हुआ है। इसी तरह पुष्पा के फरसे और महादेव के त्रिशूल वाली पिचकारियों की मांग अधिक है। होली का त्योहार हो या दीपवाली राजनीति के धुरंधर प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के बिना अधूरा रहता है। इस बार भी युवाओं को मोदी-योगी वाली पिचकारियां लुभा रही हैं। दुकानदार रमेश साहू ने बताया कि मोदी और योगी की लोकप्रियता को देखते हुए डबल इंजन की सरकार और मोदी-योगी के स्टीकर लगी पिचकारियां जमकर बिक रही हैं। दुकानदार कैलाश गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी केमिकल युक्त रंगों की मांग है, लेकिन शहर में हर्बल रंगों की अधिक मांग है।